www.epaper.azadsipahi.in

01 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 13



पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवडिया में सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि दी।




## मुख्यमंत्री ने पलामू में 5132 युवक-युवतियों को सौंपा ऑफर लेटर

# युवाओं को रोजगार प्राथमिकता : हेमंत

● सभी वर्ग और तबके के सहयोग से राज्य के विकास को दे रहे रफ्तार

जयकांत शुक्ला

**पलामू (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। चाहे वह सरकारी हो या निजी क्षेत्र की नौकरी, हर स्तर पर बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार के विभिन्न आयामों से जोड़ रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नौजवानों को सही दिशा दिखाने, भविष्य संवारने और उनके बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री मंगलवार को पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला में बोल रहे थे उन्होंने 5132 युवक-युवतियों को ऑफर लेटर दिया। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, विधायक रामचंद्र सिंह और बैद्यनाथ राम, जिला परिषद अध्यक्षा प्रतिमा कुमारी समेत अन्य गणमान्य लोग और अधिकारी मौजूद थे।

**27 हजार युवाओं को मिल चुका है ऑफर लेटर :** मुख्यमंत्री ने कहा पिछले ढाई महीने के दौरान प्रमंडलीय रोजगार मेला के जरिये 27 हजार युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। 18 अगस्त को चाइबासा में 10020 नौजवानों को ऑफर लेटर दिया गया। वहीं, 11 सितंबर को हजारीबाग में 11850 अभ्यर्थियों तथा आज पलामू प्रमंडलीय रोजगार मेला में 5132 युवाओं को ऑफर लेटर देने का मौका मिला। खुशी की बात है कि इनमें लगभग 25 हजार स्थानीय नौजवान हैं।



### चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इसी कड़ी में सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर व्यापक पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। 20 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुका है। वहीं जेपीएससी जेएसएससी और अन्य माध्यमों से तकरीबन 40 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से चल रही है ।

### खेत-खलिहान और पशुधन किसानों का बैंक खाता

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की गिनती राज्य के पिछड़े राज्यों में होती है । यहां के किसान-मजदूर गरीब हैं। उनके पास कोई कोई जमा धन नहीं होता है। वे रोज कमाते हैं और रोज खाते हैं । उनका खेत- खलिहान और पशुधन ही उनका बैंक खाता है। हमारी सरकार किसानों- मजदूरों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। ताकि, उनकी आय को बढ़ाने के साथ जीवन स्तर को भी बेहतर बना सकें। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि वे बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़ें और अपनी जमीन पर फलदार पौधे लगाकर अपनी आय को बढ़ायें। इसमें सरकार आपको पूरा सहयोग कर रही है ।

### प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों में सरकार कर रही मदद

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि यहां के युवाओं को अपने ही राज्य के अंदर रोजगार उपलब्ध करा सकें।

### निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय के लिए अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक और सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो निजी क्षेत्र में भी यहां के स्थानीय नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाये हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपये प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों-मूल वासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। आज एक साथ पांच हजार से ज्यादा युवाओं को ऑफर लेटर देने पर बहुत ही खुशी और सुखद अहसास हो रहा है।

### कई चुनौतियों से निपटते हुए विकास को दे रहे रफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो कोरोना महामारी, सुखाड़ समेत अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आप सभी के सहयोग से हम इन चुनौतियों से निपटते हुए विकास को रफ्तार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, बुजुर्ग महिला नौजवान और दिव्यांग सभी के लिए योजनाएं हैं। हमारा प्रयास है कि सभी वर्ग और तबका राज्य के विकास में भागीदार बने। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू करने का निर्णय लिया है।

### परंपरा और विरासत को आगे ले जा रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी परंपरा और विरासत को भी आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। खनिज-संपदाओं के साथ-साथ यहां की कला संस्कृति, पर्यटन, खेलकूद आदि को प्रमोट करने के साथ- साथ इससे जुड़े लोगों को भी आगे बढ़ाने के लिए आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के माध्यम से राज्य को अलग पहचान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में देश में पहली बार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने का मौका रांची को मिला है। इसी तरह आगे भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं झारखंड में होंगी।

# रघुवर दास बने ओड़िशा के राज्यपाल, ली शपथ

## झारखंड का पहला व्यक्ति बना राज्यपाल



उड़ीसा हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डॉ न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने दिलायी शपथ

सीएम नवीन पटनायक समेत झारखंड के सांसद, विधायक और भाजपा के कई नेता हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मंगलवार को ओडिशा के 26वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उड़ीसा हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डॉ न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने राजभवन के न्यू अभिषेक हॉल में राज्यपाल पद की शपथ दिलायी। रघुवर दास राज्य के पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें राज्यपाल बनाया गया है। गौरतलब है कि उन्हें 18 अक्टूबर को राज्यपाल नियुक्त किया गया था। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना ने राष्ट्रपति द्वारा रघुवर दास को ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने के लिए जारी नियुक्ति वारंट को पढ़ा। रघुवर दास ने हिंदी में शपथ ली। इसके बाद कमिश्नरेट पुलिस की टुकड़ी द्वारा नये राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओड़िशा विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक, रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, समरी लाल, किशुन दास, झारखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, पूर्व सांसद अजय मारू, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रकाश राम, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, ओडिशा मंत्रिमंडल के सदस्यों समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। शपथ ग्रहण के बाद सीएम नवीन पटनायक समेत अन्य लोगों ने नये राज्यपाल रघुवर दास को बधाई दी।

# धनबाद के व्यापारियों का बंद आज से

हमला और रंगदारी मांगने के खिलाफ सड़कों पर उतरे कारोबारी

पेट्रोलियम डीलर्स, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का मिला साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कारोबारियों पर हमले और रंगदारी मांगने के खिलाफ शहर के तमाम व्यवसायी सड़कों पर उतर आये हैं। रंगदारी और जानलेवा हमले के खिलाफ धनबाद के व्यवसायियों ने आर-पार की लड़ाई की घोषणा कर दी है। रविवार को एक दिवसीय बंदी और महाधरना के बाद जिले भर के व्यवसायियों बुधवार से अनिश्चिकालीन बंद की घोषणा कर दी है। उन्होंने दुकान और कारोबार बंद रखने का फैसला लिया है। धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आहूत इस बंदी को धनबाद जिला पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अलावे जिले के सभी 55 चैंबर सहित कई अन्य संस्थाओं का समर्थन प्राप्त है। इसको लेकर मंगलवार को विभिन्न चैंबर के पदाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय व्यवसायियों और दुकानदारों से समर्थन की अपील की है।

### आजसू ने दिया धरना बंदी का किया समर्थन

आजसू ने मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना देकर जिले में रंगदारी व्और गोलीबारी की घटना पर रोक लगाने और व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करने की जिला प्रशासन से मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि अगर जल्द विधि व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुआ, तो पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। धरना की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि व्यवसायियों की बेमियादी बंदी का आजसू पार्टी समर्थन करती है। धरना में राधेश्याम गोस्वामी, विनय सिंह, हंसराज सिंह कुशवाहा, रतिलाल , कुल्लू चौधरी आदि मौजूद थे।

# सरकार फोन हैकिंग की कोशिश में : महुआ

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में फंसीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने दावा किया है कि केंद्र सरकार उनका फोन और इमेल हैक करने की कोशिश कर रही है। एक ट्वीट में महुआ ने लिखा कि देश के गृह मंत्रालय के पास और कोई काम नहीं है। कांग्रेस नेता शशि थरूर, पवन खेड़ा, अअढ सांसद राघव चड्ढा, शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सीपीआइ (एम) के जनरल सेक्रेटरी सीताराम येचुरी ने भी यही दावा किया है।

## एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का चौथा दिन

# भारत की जीत का सिलसिला जारी, जापान को 2-1 से हराया

चीन ने मलेशिया को और कोरिया ने थाइलैंड को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जारी झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में मंगलवार को जापान को 2-1 से हराकर अपनी लगातार चौथी जीत हासिल कर ली। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमों के बीच पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ के शुरू होते ही वर्ल्ड नंबर-7 भारत ने नवनीत कौर द्वारा 31वें मिनट में किये गये गोल के सहारे अपना खाता खोल लिया। लेकिन



भारतीय टीम ज्यादा देर तक अपनी बढ़त को कायम नहीं रख पायी। वर्ल्ड नंबर-11 जापान ने 37वें मिनट में काना उराता द्वारा पेनाल्टी कॉर्नर पर दागे गये गोल की मदद से 1-1 की बराबरी कर ली। चौथे और अंतिम क्वार्टर में जाकर भारतीय टीम ने फिर हमला बोला और अपनी बढ़त को दोगुनी कर दी। भारत के लिए मैच का दूसरा गोल संगीता कुमारी के स्टिक से 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर आया। इस मुकाबले में भारत की वंदना कटारिया ने इतिहास रचते हुए तीन सौ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड कायम किया।

01 नवंबर 2023 : रेस्ट डे

### चीन ने मलेशिया को और कोरिया ने थाइलैंड को हराया

मंगलवार को पहले मैच में कोरिया ने थाइलैंड को 3-0 से शिकस्त दी। मैच के शुरू से ही कोरिया की टीम हावी रही। थाइलैंड की खिलाड़ी संघर्ष करती हुई नजर आयीं। दूसरा मैच चीन और मलेशिया के बीच हुआ। मैच के शुरू से ही चीन हावी रहा। मुकाबले के पहले हाफ में चीन 3-0 से आगे था। दूसरे हाफ में उसने एक और गोल किया और 4-0 से मुकाबला जीता।

## न्यूज रील्स

### केजरीवाल के बाद अन्य सीएम की होगी गिरफ्तारी: आतिशी


नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि 2 नवंबर को इडी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है। केजरीवाल के बाद आइएनडीआइए गठबंधन के दूसरे नेता भी गिरफ्तार होंगे। अगला नंबर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, केरल के पी विजयन, तमिलनाडु के एमके स्टालिन और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का नंबर है। साथ ही बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी लाइन में हैं।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,100 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# चुनावी मोड में दिखने लगे हैं सीएम हेमंत सोरेन

## ■ हाल के दिनों की गतिविधियां दे रही हैं चुनावी माहौल का स्पष्ट संकेत

## ■ शिलान्यास-उद्घाटन से लेकर रोजगार मेला जैसे इवेंट का तांता

## ■ पिछले एक साल के दौरान ताबड़तोड़ फैसले लेकर खींची है बड़ी लकीर

आजाद सिपाही विशेष

**करीब 23 साल पहले 15 नवंबर, 2000 को भारत के राजनीतिक नक्शे पर अलग राज्य के रूप में उभरे झारखंड का राजनीतिक माहौल एक बार फिर गरमा रहा है। वैसे तो पूरे देश में अगले साल की पहली छमाही में होनेवाले संसदीय चुनावों को लेकर राजनीतिक दल रेस हैं, लेकिन झारखंड में 2024 के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। इसलिए यहां का राजनीतिक माहौल देश के दूसरे हिस्सों से थोड़ा अलग है। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी जहां राज्य में दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए अपना सब कुछ झोंक चुकी है, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो भी चुनाव की तैयारी में जुट गया है। पिछले दो-तीन महीने के दौरान राज्य सरकार हर वर्ग को लुभाने के लिए लगातार कई महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन खुद मुख्यमंत्री ने किया है, जबकि बेरोजगारी के खिलाफ अपने अभियान के तहत वह रोजगार मेलों में शिरकत कर रहे हैं। इतना ही नहीं, अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी वह चुनाव के लिए तैयार रहने को कह चुके हैं। हेमंत सोरेन ने वैसे भी पिछले एक साल के दौरान जितने फैसले किये हैं, उनका असर भले ही सियासी माहौल पर नहीं पड़ा हो, हेमंत सोरेन की लोकप्रियता बहुत बढ़ गयी है। इतना ही नहीं, देश स्तर पर भी विपक्षी गठबंधन में उनकी हैसियत कई गुना बढ़ गयी है और अब वह गैर-भाजपा दलों की एक पहचान बन चुके हैं। इस बदली हैसियत के सहारे हेमंत सोरेन को क्या हासिल होगा और झारखंड में क्या असर होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड का मौजूदा सियासी मौसम पिछले दो महीने से गर्म है। गर्माहट ऐसी है कि लगता है, अभी ही चुनाव होने हैं। वैसे झारखंड में विधानसभा चुनाव 2024 में लोकसभा चुनाव के बाद होगा। राज्य में यह सियासी गर्माहट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गतिविधियों को लेकर है। पिछले दो महीने में उन्होंने राज्य के विभिन्न हिस्सों की यात्राएं की हैं और एक सौ से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया है। इतना ही नहीं, प्रमंडल और जिला स्तर पर रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने का एक अभियान भी राज्य में चल रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री खुद शिरकत कर रहे हैं।

हेमंत सोरेन सिर्फ प्रशासनिक मोर्चे पर ही सक्रिय नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी बेहद सक्रिय नजर आ रहे हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने पार्टी के जिला और प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जहां कार्यकर्ताओं के समक्ष अपनी बात रखी, वहीं कार्यकर्ताओं की नब्ज भी टटोली। हेमंत ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को हर चुनाव और हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। राज्य की जनता ने बड़ी उम्मीदों से झामुमो पर विश्वास किया और अपना समर्थन दिया। सरकार के साथ संगठन की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता के विश्वास पर खरा उतरे। सरकार ने चार साल में कई योजनाएं चलायीं, कई काम भी किये हैं। सरकार इसे अपने माध्यम से जनता के बीच ले जा ही रही है, संगठन के लोगों का भी यह दायित्व बनता है कि वे इन योजनाओं को जनता तक ले जायें, ताकि अंतिम व्यक्ति तक को इनका लाभ मिले. उन्होंने नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया।



### पिछले एक साल से हैं एक्शन में

दरअसल, हेमंत सोरेन इस बात से बखूबी वाकिफ हैं कि वह राजनीतिक रूप से विरोधियों के निशाने पर हैं। चार साल से गठबंधन सरकार चलाने और विभिन्न आरोपों में घेरने की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्होंने अपनी लाइन कभी नहीं छोड़ी है। भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही के कई आरोप उन पर लगे, लेकिन उन्होंने इन पर कभी ध्यान नहीं दिया और अपना काम करते रहे। खास कर पिछले एक साल के दौरान जिस तरह के संकटों में घिरने के बावजूद हेमंत सोरेन सुरक्षित बाहर निकले, उससे साफ हो गया कि राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से हेमंत सोरेन बेहद परिपक्व हो गये हैं। वह इस बात से भी वाकिफ हैं कि अभी संकटों का दौर खत्म नहीं हुआ है, इसलिए पिछले एक साल के दौरान उन्होंने ताबड़तोड़ फैसले लेकर अपने जनाधार को ही मजबूत किया है।

### आरक्षण समेत दो महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराये

पिछले एक साल के दौरान हेमंत सोरेन ने तीन ऐसे मुद्दों पर काम किया है, जिनकी मांग अर्से से होती रही थी। अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण को मौजूदा 14 से बढ़ा कर 27 प्रतिशत करने, जातीय जनगणना और 1932 के आधार पर स्थानीय नीति बनाने की उनकी तैयारी से साफ हो गया था कि वह चुनावी मोड में आ गये हैं। स्थानीयता नीति झारखंड की पुरानी मांग रही है। पूर्ववर्ती सरकारों ने दो बार इसकी कोशिश भी की, पर हर बार यह कानूनी पचड़े में पड़ती रही है। हेमंत सोरेन भी यह जानते-मानते हैं। विधानसभा में जब यह मांग उठी, तो उन्होंने कहा भी था कि स्थानीयता के लिए 1932 के सर्वे को आधार बनाना संभव नहीं। इसके बावजूद पहले कैबिनेट से उन्होंने इसे पास कराया और विधानसभा से भी पारित करा लिया। इसी तरह ओबीसी के लिए आरक्षण बढ़ाने की मांग भी पुरानी थी। उसे भी हेमंत सोरेन ने पूरा किया। इतना ही नहीं, पिछले एक साल के दौरान उन्होंने चार महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना को सरकार ने स्वीकृति दी है। इसके अलावा उच्च शिक्षा के लिए चार प्रतिशत ब्याज पर 15 लाख रुपये तक कर्ज के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना की घोषणा की गयी है। ये ऐसी लुभावनी योजनाएं हैं, जो युवा वर्ग को आकर्षित करेंगी।

### 65 हजार पारा शिक्षकों का वेतन बढ़ाया

झारखंड के पारा शिक्षक वेतन वृद्धि समेत कई तरह की मांगें लंबे समय से कर रहे थे। राज्य सरकार ने पिछले साल उनके वेतन में चार प्रतिशत की वृद्धि कर दी। साथ ही उनकी सेवा पुस्तिका खोलने और प्रशिक्षित के समान ही अप्रशिक्षित शिक्षकों को भी वेतन देने की स्वीकृति दे दी। इससे राज्य के तकरीबन 65 हजार पारा शिक्षकों को लाभ मिला। इसी तरह आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के मानदेय भी राज्य सरकार ने बढ़ा दिये। इसके अलावा उन्होंने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर दी, जिससे करीब सवा लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा। इसी तरह पुलिस कर्मियों को साल में एक माह का क्षतिपूर्ति अवकाश देने का निर्णय सरकार ने किया। इससे करीब 70 हजार पुलिस कर्मियों को फायदा होगा।

### क्यों खतरा महसूस कर रहे हैं हेमंत सोरेन

दरअसल, पिछले करीब डेढ़ साल से हेमंत सोरेन पर तलवार लटक रही है या यूं कहा जाये कि लटकायी जा रही है। कभी मुख्यमंत्री रहते खनन लीज अपने नाम लेने की शिकायत के बाद उन पर खतरा मंडराता रहा है, तो कभी अवैध खनन मामले में इडी की पूछताछ के बाद उन पर संकट के बादल गहराये। फिर जमीन घोटाले में इडी के समन और उसके बाद विधि-व्यवस्था के लेकर तमाम तरह के आरोपों ने हेमंत सोरेन को सतर्क जरूर कर दिया। इस खतरे को भांपते हुए वह अपनी सियासी जमीन पुख्ता करने की कवायद में लग गये हैं।

---

## राजनीतिक हलचल

# सचिन पायलट का सारा से तलाक

## चुनाव में दिये एफिडेविट में लिखा तलाकशुदा

**फारूक अब्दुल्ला की बेटी हैं सारा पायलट**

राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम और कांग्रेस कार्यसमिति मेंबर सचिन पायलट अब पत्नी सारा पायलट से अलग हो चुके हैं। सचिन पायलट और सारा पायलट के बीच तलाक हो चुका है। पायलट के चुनावी एफिडेविट से इसका खुलासा हुआ है। उन्होंने टोंक विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरने के बाद दिये एफिडेविट में पत्नी के नाम के आगे तलाकशुदा लिखा है। सचिन पायलट और सारा के बीच तलाक होने की जानकारी पहली बार सार्वजनिक हुई है। अभी यह साफ नहीं हुआ है कि तलाक कब हुआ। सचिन पायलट के दोनों बच्चे उनके पास हैं। पायलट ने एफिडेविट में डिपेंडेंट के तौर पर दोनों बच्चों (आरन पायलट और विहान पायलट) के नाम लिखे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव (नवंबर 2018) में दिये एफिडेविट में सचिन पायलट ने पत्नी के नाम के कॉलम में सारा पायलट का नाम लिखा था। इस बार पत्नी के नाम के कॉलम में तलाकशुदा लिखा है।



### फारूक अब्दुल्ला की बेटी हैं सारा पायलट

सचिन पायलट और सारा के अलग होने की चर्चाएं 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी चली थीं। उस वक्त इन्हें अफवाहें बता कर खारिज कर दिया गया था। पायलट ने सारा से जनवरी 2004 में शादी की थी। सारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता फारूक अब्दुल्ला की बेटी और उमर अब्दुल्ला की बहन हैं। दिसंबर 2018 में सचिन पायलट ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी। उस दौरान समारोह में सारा पायलट, दोनों बेटे और फारूक अब्दुल्ला भी शामिल हुए थे।

### शादी के खिलाफ था परिवार

पायलट की प्रेम कहानी पूरी तरह फिल्मी है। सचिन अमेरिका की पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के व्हॉर्टन स्कूल में थे। उसी दौरान उनकी मुलाकात जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की बहन सारा से हुई थी।

### 19 साल पहले शादी

सचिन और सारा ने जनवरी 2004 में शादी की थी। अब्दुल्ला परिवार ने शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया था। शादी के कुछ महीनों बाद ही सचिन राजनीति के मैदान में उतरे। महज 26 साल की उम्र में दौसा से पहला लोकसभा चुनाव लड़ कर बड़े अंतर से जीत कर सबसे युवा सांसद बने। इसके कुछ समय बाद अब्दुल्ला परिवार ने भी नाराजगी भुला कर सचिन पायलट को अपने दामाद के रूप में स्वीकार कर लिया।

---

# जब मुद्दे नहीं होते हैं, तो जासूसी का आरोप लगाता है विपक्ष : अश्विनी वैष्णव

**विपक्ष के फोन हैकिंग के आरोप पर केंद्र का पलटवार**

**एप्पल से अलर्ट मैसेज के बारे में भी चर्चा**



विपक्ष के नेताओं की तरफ से केंद्र सरकार के खिलाफ लगाये गये जासूसी करने के आरोपों पर मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि जब विपक्ष के पास मुद्दा नहीं होता तो वे जासूसी का आरोप लगाने लगते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के आरोप निराधार हैं, लेकिन कुछ लोगों को आलोचना करने की आदत लग गयी है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कई मौकों पर ये नेता हैकिंग के आरोप लगा चुके हैं। कुछ साल पहले भी इन्होंने यही कोशिश की थी। तब न्यायालय की देखरेख में हमने पूरी जांच करायी थी। हालांकि, इसमें कुछ नहीं निकला था। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के आरोप कि उनके दोनों बच्चों का फोन हैक है, ऐसा भी कुछ नहीं था। ये सब झूठ आलोचकों द्वारा फैलाया गया था। उन्होंने कहा कि कुछ सांसदों ने जो मुद्दा उठाया है कि उनके पास एप्पल से एक अलर्ट आया है। उसके बारे में मैं साफ करना चाहता हूं कि सरकार इस मुद्दे पर बहुत गंभीर है, हम इस मुद्दे की तह तक जायेंगे। जांच के आदेश जारी कर दिये गये हैं। इस देश में हमारे कुछ आलोचक हैं, जिनकी आलोचना करने की आदत हो गयी है। ये लोग देश की उन्नति को पचा नहीं सकते। एप्पल ने 150 देशों में ये सूचना जारी की है। एप्पल के पास कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने अनुमान के आधार पर ये सूचना भेजी है।

### विपक्ष के आरोप

विपक्ष के कई नेताओं ने दावा किया है कि उनके मोबाइल पर फोन निर्माताओं द्वारा एक संदेश भेजा गया है, जिसमें कहा गया कि उनके फोन में सरकार समर्थित हैकरों द्वारा हैकिंग की कोशिश की गयी है। जिन नेताओं ने यह शिकायत की है, उनमें तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर और पवन खेड़ा शामिल हैं। इन लोगों के अलावा आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि उन्हें भी इस तरह के मैसेज आये हैं। एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी ने भी बाद में इस तरह के आरोप लगाते हुए सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा, खूब पर्दा है कि चिलमन से लगे बैठे हैं, साफ छुपाते भी नहीं, सामने आते भी नहीं।

---

# विधानसभा चुनावों में ही लोकसभा की तैयारी कर रही कांग्रेस

कहते हैं, दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। इस बार पांच राज्यों विशेषकर तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का यही हाल है। 2018 के विधानसभा चुनावों में इन तीनों राज्यों में जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस 2019 के लोकसभा चुनावों में बुरी तरह हार गयी थी। इसलिए इस बार कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में ही लोकसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी और प्रचार शुरू कर दिया है। कांग्रेस के शीर्ष नेता अपने चुनाव प्रचार में विधानसभा चुनावों में जीत के लिए वोट मांगने के साथ ही केंद्र में अपनी सरकार बनने पर क्या काम किये जायेंगे, उन्हें भी गिना कर लोगों को लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस को वोट देने के लिए तैयार कर रहे हैं। जबकि पिछले चुनावों में कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में राज्य स्तर के मुद्दों तक ही खुद को सीमित रखा था। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी पूरी तरह से चुनावी प्रचार में उतर गये हैं। खरगे ने जहां दक्षिणी राज्य तेलंगाना में प्रचार की कमान संभाली है, वहीं राहुल-प्रियंका ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में अपनी चुनावी सभाओं में राहुल गांधी जहां लोगों को बता रहे हैं कि 2018 में उन्होंने प्रचार के दौरान जो वादे किये थे, वो सारे वादे राज्य की कांग्रेस सरकार ने पूरे कर दिए हैं। राहुल कह रहे हैं कि वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं और जनता का भरोसा नहीं तोड़ते। इसके साथ ही राहुल गांधी छत्तीसगढ़ के लोगों से वादा कर आये हैं कि अगर 2024 में दिल्ली यानी केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो धान के कटोरे के रूप में मशहूर इस राज्य को अंतरराष्ट्रीय फलक पर ले जायेंगे। इसके लिए राज्य के हर जिले में खाद्य प्रस्सकरण केंद्र खोले जायेंगे, जिनमें छत्तीसगढ़ की कृषि उपजों खासकर चावल, फल और सब्जियों के प्रतिउत्पाद तैयार होंगे और इन्हें विश्व के बाजार में भेजने के लिए राज्य में तीन चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बनवाये जायेंगे। केंद्र में सरकार बनने पर राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हब बनेंगे और छत्तीसगढ़ के युवाओं को विश्व स्तर की कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। राहुल कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का चावल अमेरिका, जापान, इंग्लैंड, यूरोप और दूसरे देशों के लोग खायेंगे और कहेंगे कि छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया।

### जातीय जनगणना को मुद्दा बना रहे राहुल

इसके साथ ही राहुल गांधी जातीय जनगणना को भी विधानसभा चुनावों के साथ-साथ लोकसभा चुनावों में भी मुद्दा बना रहे हैं। वह हर सभा में कह रहे हैं कि भारत सरकार के लगभग 40 लाख करोड़ के वार्षिक बजट का सिर्फ पांच फीसदी हिस्सा वह अधिकारी खर्च करते हैं, जो पिछड़े वर्गों से आते हैं। इसी तरह दलित और आदिवासी अधिकारी भी महज तीन से चार फीसदी हिस्सा खर्च करते हैं, क्योंकि केंद्र सरकार को चलाने वाले शीर्ष अफसरों में कैबिनेट सचिव समेत जो कुल 90 सचिव हैं उनमें सिर्फ तीन ओबीसी हैं और इसी तरह दलित और आदिवासी अधिकारियों की भी तादाद बेहद कम है। राहुल गांधी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए जातीय जनगणना को देशव्यापी केंद्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल की तरह ही उनकी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी भी अपनी सभाओं में बोल रही हैं। दरअसल, पांच राज्यों जहां चुनाव हो रहे हैं, उनमें तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस दोनों राज्यों के क्षेत्रीय दलों बीआरएस और एमएनएफ के मुकाबले खुद को मुख्य लड़ाई में ले आयी है। उसे उम्मीद है कि इन दोनों राज्यों में वह सरकार बनाने के करीब पहुंच सकती है, जबकि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उसका भाजपा से सीधा मुकाबला है। यहां मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जीतने की पूरी उम्मीद है, जबकि राजस्थान में बकौल राहुल गांधी कांग्रेस का भाजपा से कड़ा मुकाबला है। आम धारणा है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का फैसला आमतौर पर अलग-अलग होता है। कम से कम 2004 से यह सिलसिला जारी है। जब 2003 में भाजपा ने कई विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करके लोकसभा चुनाव 2004 में समय से पहले करवा दिये, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद से ही लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों के नतीजे अलग अलग आते रहे। 2018-19 इसका सबसे ताजा उदाहरण है। 2018 में उत्तर भारत के प्रमुख राज्य जीत कर कांग्रेस गफलत और गुमान में आ गयी कि अब 2019 के लोकसभा चुनावों में वह अकेले भाजपा को हरा देगी, लेकिन नतीजे उलटे रहे। इसलिए कांग्रेस इस बार पिछली गलतियों से सबक सीख कर फूंक-फूंक कर कदम रख रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.4 °c | 17.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.54 बजे |



### रिम्स में डायलिसिस यूनिट, लाइब्रेरी, अपरेफरल उपचार केंद्र और वेटिंग एरिया का उद्घाटन

# चिकित्सक छोटी-छोटी बातों पर आंदोलन न करें : बन्ना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डायलिसिस सेंटर, अपरेफरल उपचार केंद्र, सेंट्रल लाइब्रेरी, येलो फीवर वैक्सीनेशन केंद्र और मरीजों के लिए वेटिंग एरिया का उद्घाटन किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि इन सेवाओं की शुरूआत से रिम्स की उन्नति और समृद्धि के मार्ग में एक और कड़ी जुड़ रही है। आयुष्मान और लाल कार्डधारी के अलावा वंचित ग्रुप को भी लाभ देने का प्रयास किया गया है। साथ ही कहा कि डॉक्टरों को भगवान के दूसरे रूप में देखा जाता है। चिकित्सकों को मरीजों के परिजनों की परिस्थिति को समझना चाहिए। उलझने के बजाय समझने की जरूरत है। छोटी-छोटी बातों में आंदोलन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिम्स में प्रवेश करते ही दोनों रोड के बीच में बने डिवाइडर को देख कर भूतिया बंगला लगता है। उसे जल्द ही सुधारने और बीच में लगी गुमटी तोड़ कर हटाने का निर्देश दिया है।



#### ओपीडी बेसिस पर मरीजों को डायलिसिस की सुविधा

डायलिसिस सेंटर में ओपीडी बेसिस पर मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। आयुष्मान और कार्डधारी मरीजों को नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। वहीं समान्य मरीजों का 1341 रुपये में डायलिसिस किया जायेगा। इसके अलावा 501 सीट की लाइब्रेरी की शुरूआत की गयी है, जिसमें 92278 किताबें उपलब्ध हैं। वहीं अपरेफरल केंद्र में कुपोषित बच्चों का इलाज किया जायेगा। इसके अलावा येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर की भी शुरूआत की गयी। डायलिसिस सेंटर के उद्घाटन के मौके पर नेफ्रोप्लस की दीप्ति हीमानी ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में 200 से अधिक केंद्र हैं. हमारा रिम्स के साथ टाइअप होने से गरीब मरीजों को बेहतरीन सेवा देने का मौका मिलेगा।

#### एक फीसदी जनता को डायलिसिस की जरूरत

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि डायलिसिस यूनिट का टेंडर लगभग डेढ़- दो साल पहले हो गया था। अब 25 बेड के साथ आरंभ किया गया है। 10 फीसदी जनता क्रोनिक किडनी की समस्या से जूझ रही है। एक फीसदी मरीजों को डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। सदर अस्पतालों में पीपीपी मोड पर डायलिसिस की फैसिलिटी उपलब्ध करायी गयी है। यूनीसेफ के गोल में मालन्यूट्रिशन के कारण बच्चों की ग्रोथ नहीं होती है, इसके लिए ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किया गया है। पर कुछ कारणों से बहुत अधिक लोग नहीं पहुंचते हैं। मजदूरी एक बड़ा कारण है। वेलफेयर विभाग के साथ मिल कर इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। 130 रुपये की दर से माताओं को भोजन दिया जा रहा है।

## पुलिस को चकमा देकर रिम्स से कैदी हुआ फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स के कैदी वार्ड की सुरक्षा में बार-बार सेंध लग रही है। इसी दौरान मंगलवार सुबह रिम्स के कैदी वार्ड से पुलिस को चकमा देकर सूरज मुंडा नाम का एक कैदी फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद रिम्स में अफरा तफरी मच गयी। बरियातू पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को जानकारी मिली है कि सूरज मुंडा 31 अक्टूबर की अहली सुबह दो से तीन बजे के बीच फरार हुआ है। डेढ़ माह में यह दूसरी घटना है, जब रिम्स के कैदी वार्ड से कैदी फरार हुआ है। इससे पहले 12 सितंबर को रिम्स अस्पताल में इलाजरत वशीर नाम का कैदी हथकड़ी सहित फरार हो गया था।

**10 अक्टूबर को रिम्स में कराया गया था भर्ती :** बता दें कि रांची के चुटिया थाना क्षेत्र से सूरज मुंडा को दो माह पूर्व चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार करने के बाद उसे रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था। वहीं बीते 10 अक्टूबर को उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। करीब 20 दिन से सूरज मुंडा का इलाज चल रहा था, लेकिन मंगलवार की सुबह वह रिम्स के कैदी वार्ड से फरार हो गया।

#### छह साल में 11 कैदी फरार

- **31 अक्टूबर 2023:** रिम्स से सुरज मुंडा नाम का कैदी फरार हो गया
- **12 सितंबर 2023 :** रिम्स अस्पताल में इलाजरत वशीर नाम का कैदी हथकड़ी सहित फरार हो गया।
- **16 अक्टूबर 2022:** रिम्स के कैदी वार्ड से दो कैदी फरार हो गये। इनमें एक नक्सली, जबकि दूसरा छेड़छाड़ का आरोपी था।
- **28 अप्रैल 2022:** रांची के रिम्स में इलाज कराने पहुंचा एमएस वारिश नाम का कैदी फरार हो गया था।
- **19 सितंबर 2021:** कोयल शंख जोन का पूर्व जोनल कमांडर कृष्ण मोहन झा उर्फ अभय उर्फ विकास रिम्स से भाग गया था।
- **06 फरवरी 2021:** हत्या के आरोप में दुमका जेल से लाया गया कैदी सिद्धेश्वर ओरिया फरार हो गया था।
- **18 अक्टूबर 2019 :** रिम्स के मेडिसिन आइसीयू से एक कैदी फरार हुआ था। रांची के बिरसा मुंडा जेल का कैदी हाथ से रस्सी को सरकाने के बाद खिड़की से कूद कर भाग निकला।

#### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** आत्मविश्वास की वृद्धि,नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी ।
- **वृष** कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लम्बित रहे।
- **मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर।
- **कर्क** सुख-सौहार्द की वृद्धि,परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन।
- **सिंह** नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएँ सफल होने में कुछ बिलम्ब होने की संभावना।
- **कन्या** प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा,नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।
- **तुला** जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।
- **वृश्चिक** राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी।
- **धनु** उत्साहित रहेंगे,अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **मीन** सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी, कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ।

## दारोगा रूपा तिर्की मौत केस का ट्रायल होगा, हाइकोर्ट ने हटायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज की दिवंगत महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की आत्महत्या के आरोपी दारोगा शिव कुमार कनौजिया की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अपनी याचिका में उन्होंने यह आग्रह किया था कि पुलिस ने इस केस में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसे स्वीकार नहीं किया जाए।बल्कि सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए।सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल पर लगी रोक हटाते हुए शिव कुमार कनौजिया की याचिका निष्पादित कर दिया।हाईकोर्ट के आदेश पर रूपा तिर्की की मौत के केस का ट्रायल रुका हुआ था। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। शिव कुमार की ओर से अधिवक्ता रोहितस्य रॉय और विभोर मयंक ने बहस की। इस केस में साहिबगंज जिले के बोरियो थाना में मामला (कांड संख्या 127/2021) दर्ज किया गया है। शिव कुमार कनौजिया फिलहाल जमानत पर है। उन्हें झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है।

#### पूरे मामले की जांच सीबीआइ ने की है



साहिबगंज महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की आत्महत्या मामले में साहिबगंज पुलिस ने 2018 बैच के दारोगा शिव कनौजिया को नौ मई 2021 को गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले की जांच सीबीआई ने की है। सीबीआई ने इस मामले में अपनी क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी है। वहीं सीबीआई के केस टेकअप करने से पहले पुलिस ने भी चार्जशीट दाखिल की थी। शिव कुमार कनौजिया 2018 बैच के एसआई (सब इंस्पेक्टर) है। शिव कुमार और रूपा के बीच दोस्ती थी। मोबाइल पर दोनों के बीच अक्सर बात होती थी।

### नक्शा स्वीकृति का मामला

## हाइकोर्ट ने आरआरडीए और निगम से मांगा ब्योरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में स्वतः संज्ञान की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से मौखिक रूप से कोर्ट को बताया गया कि इस वर्ष 2 अगस्त से अक्टूबर माह तक 6000 नक्शा स्वीकृति के लिए आवेदन आये, जिसमें से करीब 5000 नक्शा आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

इस पर कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि रांची निगम एवं आरआरडीए में कर्मियों की कमी है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में नक्शा के आवेदन कैसे स्वीकृत हो गये। कोर्ट ने रांची नगर निगम एवं आरआरडीए को अगली सुनवाई के पूर्व शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि नक्शा स्वीकृत पर हाइकोर्ट की लगी रोक हटाने के बाद से रांची नगर निगम एवं आरआरडीए में नक्शा स्वीकृति के लिए कितने आवेदन आये, इनमें से कितने आवेदन स्वीकृत हुए और अब तक नक्शा स्वीकृत के लिए आये कितने आवेदन लंबित हैं।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 3 नवंबर को



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 3 नवंबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में राज्यकर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की जा सकती है। इसके अलावा पेसा नियमावली की भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर निर्माण की भी स्वीकृति देने की तैयारी हो रही है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र लिखा है और कैबिनेट से जुड़े संलेख मांगे हैं।

## पूजा सिंघल को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से बेल नहीं

### 2 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने अपना पक्ष रखा। वहीं इडी की ओर से एएसजी (असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल) एस वी राजू ने बहस की। अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट से पूजा सिंघल को बेल देने का आग्रह किया, जिसका इडी के अधिवक्ता ने पुरजोर विरोध किया। इसके बाद न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 दिसंबर की तिथि निर्धारित की। यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट में पूजा सिंघल की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने दी।

#### 12 अप्रैल को पूजा ने कोर्ट में किया था सरेंडर

बता दें कि पूजा सिंघल ने 12 अप्रैल 2023 को रांची इडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में इडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

## एडीजी समेत 16 अधिकारी और कर्मचारी हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने मंगलवार को झारखंड पुलिस के 16 अधिकारियों और कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष अभियान पदक से सम्मानित किया। इन 16 अधिकारियों और कर्मियों को वर्ष-2023 में विशेष अभियानों (नक्सल के खिलाफ कार्रवाई) को लेकर सरदार पटेल की जयंती पर सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवालों में एडीजी संजय आनंद राव लाठकर,आइजी एवी होमकर, आइजी राजकुमार लकड़ा, डीआइजी अनूप बिरथेरे, एसपी अंजनी कुमार झा, एसपी शिवानी तिवारी, एसपी अंजनी अंजन, असिस्टेंट कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआइ गौतम कुमार, एसआइ जमील अंसारी, एसआइ मनोहर राम, सेकेंड इन कमांड विवेकानंद सिंह, हवलदार राज कुमार उरांव, कांस्टेबल रतन कुमार यादव और कांस्टेबल विष्णु शंकर।

### हाइकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार से पूछा

## प्रार्थी को नकल की कॉपी क्यों नहीं दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिटायर्ड आइएएस की पत्नी और निलंबित भाजपा नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार से यह जानकारी मांगी है कि चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान की नकल प्रार्थी को क्यों नहीं दी गयी। अदालत ने इस संबंध में सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार को इस आदेश की कॉपी रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को देने का निर्देश दिया गया है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत अब इस मामले में 6 नवंबर को सुनवाई करेगी।


#### युवती को बंधक बना कर रखने का है आरोप

बता दें कि 31 अगस्त को सीमा पात्रा को गिरफ्तार किया गया था। उन पर आदिवासी युवती की प्रताड़ना का आरोप है। दरअसल, अशोक नगर स्थित रोड नंबर एक में रहनेवाली बीजेपी नेत्री सीमा पात्रा के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 325, 346 और 374 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन पर अपने आवास पर लंबे समय से एक युवती को बंधक बना कर रखने का आरोप है, जिसे पुलिस ने मुक्त कराया था। हाइकोर्ट में दाखिल क्रिमिनल रिट में उन्होंने अपने ऊपर दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। उनकी ओर से अधिवक्ता राखी रानी पक्ष रख रही हैं। वहीं इस केस के सूचक और पीड़िता की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन पक्ष रख रहे हैं।

## झारखंड के दुमका में 3.7 तीव्रता का भूकंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मंगलवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। इसका केंद्र उप राजधानी दुमका से 24 किलोमीटर उत्तर- पूर्व इलाके में जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर रहा। फिलहाल किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रांची केंद्र के निदेशक डॉ अभिषेक आनंद ने दुमका में भूकंप के झटके महसूस होने की पुष्टि की है। उधर, भूकंप के झटके महसूस होते ही दुमका में लोग घरों से निकल कर बाहर मैदान में आ गये।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे सरदार वल्लभ भाई पटेल: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्री मरांडी ने कहा कि सरदार साहब भारत की राष्ट्रीय एकात्मता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से भारत को मिली आजादी के बाद सरदार साहब ने 500 से अधिक रियासतों को एक भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सरदार पटेल भारत माता की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखना चाहते थे।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार पटेल के सपनों का भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जितना महान था, उनका कृतित्व भी उतना ही महान रहा।

वह केवल कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक भी थे। कहा कि सरदार साहब ने राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय प्रशासनिक तंत्र को भी विकसित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान, प्रतुल शाहदेव, राजीव रंजन मिश्र, अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान आदि शामिल थे।

## कांग्रेस ने पटेल की जयंती और इंदिरा का शहादत दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को रांची के कांग्रेस भवन में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शहादत दिवस मनाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और अन्य कांग्रेस नेताओं ने दोनों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इंदिरा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों विभूतियों का योगदान एवं बलिदान को देश कभी भुला नहीं सकता है। गांधी ने भारत का नाम विश्व में रोशन किया और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कार्य किया। इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी कुर्बानी दी। ठाकुर ने कहा, देश की संगठित संरचना के निर्माण के लिए संकल्पित और अपने प्रयासों से भारत को एक सूत्र में पिरोनेवाले लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन चिरकाल तक देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।



श्रद्धांजलि अर्पित करनेवालों में कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सतीश पॉल मुंजनी, गजेंद्र सिंह, ममता देवी, रमाकांत आनंद, केदार पासवान, नेली नाथन, राजन वर्मा, संजय कुमार, पूर्णिमा सिंह, जितेंद्र त्रिवेदी, विनोद कुमार सिंह, अजय कुमार, रश्मि चंद्र पिंगुआ, राजदेव सिंह, अर्चना मिश्रा, मेहुल प्रसाद, सुंदरी तिर्की, अरुण मिश्रा, मंजर मुजीबी, खुर्शीद हसन, रामानंद केशरी शामिल थे।

## राज्यपाल ने सरदार पटेल की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने पटेल के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी12-ओएफसी-मुरी-II, दिनांक:30.10.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** रांची मंडल में आईएलओ, टीआरएएन, एसएसआईए, एलटीएमडी एवं जेएचएमआर स्टेशनों पर एस एंड टी गियरों को पुराने ओएफसी हट से नवनिर्मित ओएफसी हट में स्थानांतरित करना तथा विविध कार्यों को करना। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 31,57,795.54। **ईएमडी:** ₹ 63,200/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 23.11.2023 को सुबह 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 09.11.2023। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)। (PR-759)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## मुख्यमंत्री ऐतिहासिक मुड़मा जतरा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

# देश-दुनिया में मुड़मा जतरा मेले की अलग पहचान है : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता





**मुड़मा (मांडर), रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुड़मा जतरा मेला के विषय में बताने की आवश्यकता नहीं है। निरंतर इस जतरा मेला का गूंज दूर तक जा रही है। हम आज नमन करते हैं अपने पूर्वजों को जिन्होंने हमें मुड़मा जतरा के इस शक्ति खूंटे से बंधकर रहना सिखाया है। मुड़मा जतरा एक महत्वपूर्ण मेला है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जुटान इस मेला को भव्य और ऐतिहासिक बनता है। मुड़मा जतरा का देश और दुनिया में अलग पहचान है। यहां जितने भी श्रद्धालु उपस्थित हुए हैं उनके लिए आज सिर्फ मेले का आनंद लेने का ही दिन नहीं बल्कि समाज से जुड़ने और समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प लेने का दिन भी है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची जिला के मांडर प्रखंड क्षेत्र में आयोजित ऐतिहासिक दो दिवसीय मुड़मा जतरा मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

**हमारी सरकार जल्द आंदोलनकारियों के समस्याओं का हल करने का कार्य करेगी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का राज्य है। हमारे आंदोलनकारी पूर्वजों के लंबी लड़ाई और संघर्ष के बाद झारखंड राज्य का उदय हो पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने हमारे आंदोलनकारियों को इधर-उधर भटकने को मजबूर किया है। हमारी सरकार जल्द अलग झारखंड की लड़ाई लड़ने वाले आंदोलनकारियों के समस्याओं का हल करने का कार्य करेगी।

**राज्य की आंतरिक क्षमता मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य की आंतरिक क्षमता बहुत मजबूत है। ऊपर वाले ने इस राज्य को विभिन्न खनिज संपदाओं से आच्छादित किया है। विभिन्न प्राकृतिक संपदाओं के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य से भी सजाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विडंबना है कि विभिन्न खनिज संपदाओं का भरमार, प्राकृतिक सौंदर्य, मेहनतकश मानव बल रहने के बावजूद भी झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम इस राज्य को बेहतर तरीके से सजाएं और सवारें।

**राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाना है तो हमें शिक्षा व्यवस्था पर जोर देनी पड़ेगी। हमारी सरकार अब राज्य में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने पर लगी है। अब सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों से बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार अपने खर्चे पर अब राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश पढ़ाई करने भेज रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल प्रदेश है। इस प्रदेश को शिक्षित करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा प्राप्त करके जी हम अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ सकते हैं।

**झारखंड खिलाड़ियों का राज्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड में पहली बार यहां के खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देने का काम किया है। झारखंड के खिलाड़ी देश और दुनिया में अपना तथा राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विमेंस हॉकी इंडिया की टीम में आधे से ज्यादा खिलाड़ी झारखंड की बेटियां हैं। हम अपने राज्य के खिलाड़ियों के भविष्य के प्रति गंभीर है। यहां के खिलाड़ियों का मान, सम्मान को संरक्षित कर रहे हैं। देश में पहली बार झारखंड की मेजबानी में महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन हुआ है।

**समृद्ध और खुशहाल झारखंड बनाने की दिशा में हो रहा कार्य :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के आदिवासी गरीब हैं फिर भी खुश कैसे रहते हैं। ढोल-मांदर बजाकर इनके अंदर इतना हौसला कहां से आता है। आदिवासी समुदाय के हौसले पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार कोरोना संक्रमण, सुखाड़ सहित कई चुनौतियों और समस्याओं का सामना करते हुए राज्य को एक बेहतर दिशा देने का काम किया है। आज झारखंड की चर्चा सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी होती है।

**मुख्यमंत्री ने सुख, समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना की :** मुख्यमंत्री ने जतरा शक्ति खूंटा स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना की। मुड़मा जतरा मेला आयोजन समिति द्वारा मुख्यमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री ने मुड़मा जतरा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों को अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**जतरा में ये थे उपस्थित :** जतरा में 40 पड़हा के विभिन्न आदिवासी समाज अपने-अपने प्रतीक चिन्ह के साथ शामिल हुए। मेले में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, राजी पड़हा जतरा समिति के मुख्य संयोजक धर्मगुरु बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जयराम उरांव, सचिव रंथू उरांव, महासचिव विद्यासागर केरकेट्टा, राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय पाहन, भगवान बिरसा मुंडा के पोता सुखराम मुंडा, गया मुंडा के पोता गमय मुंडा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, ओडिशा के अध्यक्ष मणिलाल केरकेट्टा, बंगाल प्रदेश अध्यक्ष जीतू उरांव, नेपाल प्रदेश अध्यक्ष सूर्यदेव उरांव, राष्ट्रीय प्रवक्ता कमले किस्पोट्टा, असम के सांसद नवा कुमार, सुबोध तिर्की, बिहार के पूर्व एसी एसटी अध्यक्ष ललित भगत, सरना सोतो समिति से मथुरा कंडीर शामिल हुए।

### शक्ति स्थल आदिवासियों के लिए सुप्रीम कोर्ट है: बंधु

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि यह शक्ति स्थल आदिवासियों के लिए सुप्रीम कोर्ट है। पेसा कानून नियमावली को मान्यता देने की जरूरत है। इसी कानून के साथ राज्य के विभिन्न जतरा, पर्व- त्योहार को मान्यता मिलेगी। पेसा कानून से ही ग्राम सभा को मजबूती मिलेगी। गांव के विवाद का निबटारा करने की शक्ति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने यहां के 8 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया है, लेकिन वर्तमान सरकार गरीब व निचले तबके के विकास के लिए अबुआ आवास देने का वादा किया है। हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता व धर्म को बचाना होगा। बिहार के एससी/ एसटी के पूर्व उपाध्यक्ष ललित भगत ने कहा कि यह मेला मुंडा व उरांव के लिए ऐतिहासिक है। आदिवासी अस्मिता से जुड़ा है। शक्ति पीठ को उरांव समाज ने स्वीकार किया है। इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। दो दिवसीय झारखंड का ऐतिहासिक राजकीय मुड़मा जतरा मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।

# सिविल कोर्ट के पेशकार के खिलाफ सब इंस्पेक्टर ने की रजिस्ट्रार से शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर बीरेंद्र कुमार मेहता ने रांची सिविल कोर्ट के पेशकार विकास कुमार पर बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मंगलवार को सब इंस्पेक्टर ने लिखित शिकायत सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार से की है।

सब इंस्पेक्टर बीरेंद्र कुमार मेहता ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह ड्यूटी के दौरान रात्रि गश्ती पर थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक गाड़ी कांके के लाली के समीप डिवाइडर पर चढ़ गयी है। जब उन्होंने गाड़ी चालक को रूकने के लिए कहा, तो उसने अपनी गाड़ी नहीं रोकी और कार लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को रुकवाया। कार में एक युवक और दो युवतियां सवार थे। चालक नशे की हालत में था। जैसे ही पुलिस कार के पास पहुंची कार चला रहे युवक विकास कुमार गश्ती में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ उलझ गया और उन्हें यह कह कर धमकाने लगा कि वह सिविल कोर्ट का कर्मचारी है। इतना ही नहीं शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि नशे की हालत में सिविल कोर्ट के कर्मचारी विकास कुमार ने कांके थाना के पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज भी की। फिलहाल सिविल कोर्ट के पदाधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# पटेल जयंती पर सीआरसी की रन फॉर यूनिटी में डीसी ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी), नामकुम के सहयोग से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रन फॉर यूनिटी मोरहाबादी मैदान से प्रारंभ होकर रांची कॉलेज परिसर तक गयी। कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, केएन झा सचिव महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, राहुल कुमार सिन्हा डीसी रांची ने संबोधित करते हुए सरदार पटेल के योगदान एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

डीसी ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल ने राजनीतिक एकीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी, जिसे पूरा देश आज बड़े सम्मान के साथ याद करता है और हमेशा करेगा।

# सेवन स्टार्स एकेडमी हेहल में विज्ञान प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेवन स्टार्स एकेडमी हेहल रांची में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ग 4 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं भाग लिया। बच्चों ने एक से बढ़ कर एक मॉडल बनाये। सभी की प्रदर्शनी विद्यालय परिसर में लगायी गयी, जिसमें लगभग 54 अलग-अलग मॉडल को दर्शाया गया था, जिसका निरीक्षण विद्यालय के निदेशक डॉक्टर बी बेक, सचिव सीमा तिग्गा, प्रशासक प्रफुल्ल कुमार बिड, उप प्राचार्य रीतू प्रिया ने किया। 15 सदस्यीय जूरी ने अपने अंकों के आधार पर पांच सबसे उत्कृष्ट मॉडलों का चयन किया गया, जिसमें सोलर सिस्टम, हेमोडायलिसिस, खेतीबारी, सेवन वंडर्स ऑफ वर्ल्ड, जी20 सम्मिट, सिस्मोग्राफ, कंप्यूटर मेमोरी आदि विषय सहित 54 मॉडल बनाये गये थे, जिसमें प्रथम कैलिस्ट स्पेस ग्रुप, दूसरा साइंस लीजेंड ग्रुप, तीसरा द रिसर्च रेंजर ग्रुप, चौथा वंडर वर्कर्स ग्रुप, पांचवां स्थान थियोरी टाइटंस ग्रुप ने हासिल किया। साथ ही बाकी सांत्वना पुरस्कार के हकदार बने। निदेशक डॉक्टर बेक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर जो प्रतिभा होती है, वह निखर कर बाहर आती है और वह समाज और देश के लिए कुछ ऐसा कर जाता है कि समाज में एक उदाहरण बन जाता है। हर बच्चे के पास एक अलग प्रतिभा होती है। आज लोग अपनी छुपी प्रतिभा की बदौलत इसरो, नाशा जैसे संस्थानों में जा रहे हैं। बच्चे अपनी स्टार्टअप कंपनी बना कर रोजगार पैदा कर रहे हैं। यह नया भारत युवाओं का है, उन्हें उड़ने दें। वे देश को एक नयी ऊंचाई तक ले जायेंगे।

कार्यक्रम में नामलेंन पूर्ति, शीला कुमार, जुली कच्छप, कनकलता कच्छप, सुरेश सिंह, नरेश मुंडा, सुशील कुमार, ज्योत्स्ना प्रसाद, अमन कुमार लकड़ा, आशा पूनम, सुनीता चौधरी, पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

## भाजपा ने प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार से की मांग

# मयूराक्षी नदी पर बने पुल का नाम बाबा तिलका मांझी के नाम पर होः प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार से मांग की कि वह मयूराक्षी नदी पर बने पुल का नाम स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम योद्धा में एक बाबा तिलका मांझी के नाम पर करे। प्रतुल ने कहा कि ऐसा करना ना सिर्फ पूरे संथाल परगना, झारखंड बल्कि देश के लिए गौरव का विषय होगा। प्रतुल ने कहा कि ऐसा करना बाबा तिलका मांझी की शहादत के प्रति एक छोटी सी श्रद्धांजलि होगी।

प्रतुल ने मुख्यमंत्री से जानना चाहा कि वह कब तक भाजपा के सरकार के समय शुरू की गयी योजना का उद्घाटन कर श्रेय लेने की कोशिश करते रहेंगे? प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री एक भी योजना बतायें, जो उनकी सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई हो और जिसका उद्घाटन भी इन्होंने किया हो।

प्रतुल ने कहा कि मयूराक्षी नदी पर बने पुल का टेंडर 1 सितंबर, 2017 को हुआ था और संवेदक ने कार्य आवंटन के बाद कार्य को 12 फरवरी 2018 को प्रारंभ भी कर दिया था। इसके अतिरिक्त पूल के पास के रोड के भी टेंडर को 22 अक्टूबर, 2019 को खोल कर कार्य संवेदक को आवंटित कर दिया गया था।

प्रतुल ने कहा कि इस सरकार का फोकस विकास पर रहा ही नहीं है। चार वर्ष का समय काफी होता है किसी सरकार को अपनी योजना का प्रारंभ कर उसका उद्घाटन करने के लिए। लेकिन मुख्यमंत्री के खाते में ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यकाल देखते-देखते भाजपा के कार्यकाल की योजनाओं का ही उद्घाटन करते-करते समाप्त हो जायेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, मंत्री रोशनी खलखो उपस्थित थे।

## राजद ने वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती मनायी

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में मंगलवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती मनायी गयी। राजद नेताओं ने उन्हें याद करते हुए तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव स्व विशु विशाल यादव के लिए श्रद्धांजलि सभा की गयी। पुष्प माला अर्पित कर दो मिनट मौन रख कर प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, इरफान अंसारी, विजय राम, प्रदेश उपाध्यक्ष शौकत अंसारी, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा, सुरेश गोप, महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, राजेश यादव, ममता कुजूर, उर्मिला सोरेंग, शालिग्राम पांडेय समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।**

# युवा कांग्रेस ने 46 यूनिट रक्तदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत दिवस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रांची महानगर कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रिंस भट्ट एवं रांची महानगर युवा कांग्रेस के प्रभारी संजीव रंजन, फहद खान के उपस्थिति में महानगर कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की के नेतृत्व में मोरहाबादी स्थित आक्सीजन पार्क के स्थित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा कांग्रेस महानगर कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से राज्य में डेंगू की स्थिति बढ़ गयी इसे देखते हुए रक्त दान शिविर लगाया गया। इसमें 46 यूनिट रक्त देकर शहादत दिवस मनाया गया और आने वाले समय में और भी रक्त की कमी नही हो इसके लेकर युवा कांग्रेस इस तरह के कार्यकर्म करते रहेगी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, प्रदेश महासचिव पिया बर्मन, मेहुल प्रसाद, रमन सिंह बंटी, प्रदेश सचिव लक्ष्मीकांत, महानगर उपाध्यक्ष शिल्पी वर्मा, रांची विधानसभा अध्यक्ष गौरव सिंह, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता उर्फ छोटी, हटिया विधानसभा अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, उपाध्यक्ष अंकित सिंह, एनएसयूआई छात्र नेता अमन अहमद, नीतेश राठौड़ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

**रोहित सिन्हा के नेतृत्व में रांची के सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन :** युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में रांची के सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रोहित सिन्हा ने कहा कि देश दोनों विभूतियों के योगदान और बलिदान को नहीं भूल सकता। श्रीमती गांधी ने विश्व में भारत का नाम रोशन किया और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कार्य किया। वहीं सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। इस अवसर पर रांची विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष माइकल मिंज ने रक्तदान शिविर में भाग लेने वालों से कहा कि आपका रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सकता है। इस मौके पर नीरज कुमार, प्रदीप, कृष्णा, कुंदन, कमलेश, अखिलेश, सूरज, पप्पू, प्रकाश, प्रदीप, चंदन सहित अन्य ने रक्तदान किया।

# वेदांता रिसर्च सेंटर का 24वां वार्षिक अधिवेशन 2 से 5 नवंबर तक

## सनातन धर्म और वेदांता के बारे में विस्तारपूर्वक इसके मर्म को बताया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वेदांता रिसर्च सेंटर का 24वां वार्षिक अधिवेशन 2 नवंबर से 5 नवंबर तक आयोजित है। वार्षिक महोत्सव का कार्यक्रम आइएमए भवन करमटोली में किया जायेगा। इस बाबत डॉ एचपी नारायण ने मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। डॉ एचपी नारायण ने कहा कि झारखंड समेत भारत के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के दर्शन शास्त्री कुलपति और अन्य शिक्षाविद इसमें शामिल होंगे। वार्षिक अधिवेशन तीन सेशन में होगा, जिसे सनातन धर्म और वेदांता के बारे में विस्तारपूर्वक इसके मर्म को बताया जायेगा। 2, 3 और 4 नवंबर को होनेवाले कार्यक्रम में जीवन को कैसे जीना चाहिए, इन बिंदुओं पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की इस कार्यक्रम में आने की संभावना है। वहीं लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत इस कार्यक्रम में 5 तारीख को शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 25 सालों से वेदांता रिसर्च सेंटर काम कर रहा है। अपने विचार और संदेश दे रहा है। भारत ही नहीं विश्वभर में इसके बारे में लोगों को जानने की आवश्यकता है। वहीं वेदांता रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर डॉ राजकुमारी सिंह ने कहा कि वेदांता के वार्षिक महोत्सव में आनेवाले शिक्षाविद वेदांता जीवन जीने की कला क्या है, इसके बारे में विस्तार से बतायेंगे। हम सभी को इससे जुड़ना चाहिए, ताकि हम अपने जीवन को कैसे जीयें, इस बारे में अच्छी तरह से समझ सकेंगे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गोपाल पाठक ने कहा कि वेदांता के होनेवाले कार्यक्रम में सभी को जुड़ना चाहिए। इसके ओपन सेशन में भी शामिल होकर लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने आगे स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि वेदांता की एक बात वहां भी प्रमुखता से उठायी गयी थी। इस मौके पर लाला लक्ष्मी लाल, डॉ सरस्वती मिश्रा, डॉ इंदिरा पाठक, रमाकांत, एमडी बनर्जी, विनय पाठक सहित अन्य शामिल थे।

## सेल रांची में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

# सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सेल रांची ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही इस्पात भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। इसके बाद श्यामली कॉलोनी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशकों के नेतृत्व में अधिकारियों, गैर-कार्यपालकों सहित अनुबंध श्रमिकों के विस्तारित परिवार और बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूरे दृढ़ संकल्प और उत्साह के साथ इस दौड़ में भाग लिया। प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में अनुबंध श्रमिकों के बीच एकता दौड़ वाली टी-शर्ट का वितरण किया गया। निर्विक बनर्जी इडी प्रभारी (आरडीसीआइएस) और आशीष चक्रवर्ती इडी (एसएसओ और एचआरडी) ने सभी को एकता की शपथ दिलायी। एसके वर्मा इडी (सीइटी) और वेदप्रकाश इडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'मेरा युवा भारत' मंच का किया शुभारंभ

- युवाओं के नेतृत्ववाले विकास के लिए सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करेगा यह मंच

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत (माई भारत)' मंच का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 अक्टूबर को महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 'मेरा युवा भारत (माई भारत)' नामक एक स्वायत्त निकाय की स्थापना को मंजूरी प्रदान की थी।

**निकाय का विजन :** 'मेरा युवा भारत (माई भारत)' की परिकल्पना युवाओं के विकास और युवाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए एक महत्वपूर्ण, प्रौद्योगिकी-संचालित सुविधाप्रदाता के रूप में की गयी है, जिसका लक्ष्य सरकार के संपूर्ण दायरे में युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने और 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान देने के लिए सशक्त बनाने हेतु समान अवसर प्रदान करना है। यह एक ऐसे ढांचे की परिकल्पना करता है, जहां हमारे देश के युवा-कार्यक्रमों, मार्गदर्शकों और अपने स्थानीय समुदायों के साथ सहजता से जुड़ सकें। इस सहभागिता का निरूपण स्थानीय मुद्दों के बारे में उनकी समझ को बेहतर बनाने और उन्हें रचनात्मक समाधानों में योगदान देने के लिए सशक्त बनाने के लिए किया गया है।

**क्या है 'मेरा युवा भारत (माई भारत)':** 'मेरा युवा भारत (माई भारत)', एक स्वायत्त निकाय है, जो राष्ट्रीय युवा नीति में दी गयी 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करेगा। लाभार्थियों की आयु 10-19 वर्ष होगी। यह एक 'फिजिटल प्लेटफॉर्म' (फिजिकल + डिजिटल) है, जिसमें भौतिक गतिविधि के साथ ही साथ डिजिटल रूप से जुड़ने का अवसर भी शामिल है।

**ऐसे निकाय की आवश्यकता :** अमृत काल में युवाओं की भूमिकाः भारत के युवाओं को देश का भविष्य रचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, खासकर भारत की आजादी के 75वें साल के निर्णायक पड़ाव पर, क्योंकि देश 2047 तक यानी अगले 25 वर्षों



में अमृत भारत का निर्माण करने की एक परिवर्तनकारी विकास यात्रा पर बढ़ रहा है।

विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए फ्रेमवर्क बनानाः विजन 2047 के लिए एक ऐसे फ्रेमवर्क की जरूरत है, जो ग्रामीण युवाओं, शहरी युवाओं और ग्रामीण-शहरी युवाओं को एक मंच पर ला सके। सरकार की मौजूदा योजनाएं हमारे समाज में ग्रामीण युवाओं की जरूरतों की तत्कालीन प्रचलित समझ के साथ बीते 50 वर्षों में अलग-अलग समय पर बनायी और शुरू की गयीं। शहरी-ग्रामीण परिदृश्य में निरंतर बदलावों ने इन नजरियों का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत पैदा कर दी है। अब ऐसा फ्रेमवर्क बनाना जरूरी है, जो ग्रामीण, शहरी और ग्रामीण-शहरी युवाओं को एक साझे मंच पर एकजुट करे। मेरा युवा भारत ऐसा फ्रेमवर्क तैयार करने में मदद करेगा। आज के युवाओं के साथ जुड़ने के लिए एक नया समकालीन प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफॉर्म बनानाः आज की तेज-तर्रार दुनिया, जिसमें त्वरित संचार, सोशल मीडिया का प्रसार और नये डिजिटल टूल एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का विकास शामिल है, वहां एक प्रौद्योगिकी-संचालित मंच युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों से जोड़ सकता है, जो उनकी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। एक 'फिजिटल' इकोसिस्टम बना कर पहुंच सुनिश्चित करनाः मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म एक 'फिजिटल' इकोसिस्टम बनायेगा और युवाओं को सामुदायिक बदलाव के उत्प्रेरक बनने में सशक्त करेगा। वे सरकार को उसके नागरिकों से जोड़ने वाले 'युवा सेतु' का काम करेंगे। हाल ही में युवा कार्यक्रम विभाग के एक वेब पोर्टल ने 'मेरी माटी मेरा देश' नाम के एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें 50 मिलियन युवाओं ने भाग लिया और भारत में अमृत वाटिकाएं बनाने के लिए 23 मिलियन पौधे लगाने में मदद की। मेरा युवा भारत एक ऐसे 'फिजिटल' इकोसिस्टम को बनाने और बनाये रखने में मदद करेगा, जो सहज रूप से लाखों युवाओं को एक नेटवर्क में जोड़ता है।

**उद्देश्य :** मेरा युवा भारत (माई भारत) का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवाओं की उन्नति के लिए समर्पित एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। इसके उद्देश्यों में युवाओं में नेतृत्व विकास, अलग-अलग भौतिक गतिविधियों को कार्यक्रम कौशल में बदलाव करके अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से नेतृत्व कौशल में सुधार करना, युवाओं को सामाजिक अन्वेषकों और समुदायों का अगुआ बनाने के लिए उनमें निवेश करना, युवाओं की आकांक्षाओं और समुदाय की जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल, मौजूदा कार्यक्रमों के समन्वय के माध्यम से दक्षता में वृद्धि, युवा लोगों और मंत्रालयों के बीच वन-स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करना, एक केंद्रीकृत युवा डेटाबेस तैयार करना, सरकारी पहलों और युवाओं के साथ जुड़ने वाले अन्य हितधारकों की गतिविधियों के साथ युवाओं को जोड़ने के लिए दोतरफा संचार में सुधार, भौतिक और डिजिटल अनुभवों का मिश्रण-फिजिकल इकोसिस्टम बना कर पहुंच सुनिश्चित करना शामिल है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनायी गयी। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयं सेवको द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली गयी और सभी स्वयं सेवक एवं शिक्षक एकता दौड़ में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी के साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने भारतीय रियासतों के भारत में विलय कराने के लिए सरदार पटेल के योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

### रघुवर दास के अनुभवों का ओड़िशा के विकास में सकारात्मक उपयोग होगा : संजय सेठ

ओड़िशा (आजाद सिपाही)। रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शपथ ग्रहण किया। इस समारोह में मुझे भी शामिल होने का अवसर मिला। इनके राजनैतिक और सामाजिक अनुभवों का ओड़िशा के विकास में सकारात्मक उपयोग होगा। आपको ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं।

### सर अली इमाम को सरकार ने भुला दिया : एस अली

रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी एस अली ने कहा कि सर अली इमाम को सरकार ने भुला दिया। सर अली इमाम को ब्रिटिश सरकार ने 1910 में बंगाल विधान परिषद के सदस्य बनाया। सर अली इमाम के लगातार प्रयास के बाद वर्ष 1912 में बंगाल से अलग बिहार राज्य का स्थापना हुई, वो बिहार के साथ अलग झारखंड के भी पक्षधर थे। राष्ट्र संघ की पहली 1912 की असेंबली में भारत का प्रतिनिधित्व किया, वर्ष 1913 ब्रिटिश सरकार के वक्फ बिल में सुधार कर पास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। वो वर्ष 1917 से लंबे समय तक पटना हाइकोर्ट के जज भी रहें। 1920 हैदराबाद के निजाम के प्रधानमंत्री रहे। ब्रिटिश सरकार ने सर अली इमाम के दिये प्रस्ताव के बाद 30 अक्टूबर 1931 को भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली को बनाया। सर अली इमाम को रांची से काफी लगाव रहा उन्होंने रांची के कोकर में लाल ईंट का विशाल कोठ अपनी पत्नी अनीश इमाम के नाम पर बनाया, जिसे अनीस कैसल (इमाम कोठी) कहा जाता है। सर अली इमाम का निधन 31 अक्टूबर 1932 को रांची में निधन हुआ था, आज उनकी बरसी (पुण्यतिथि) है।

### डीएवी हेहल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी

रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और देश के प्रथम गृह मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी के छाया चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानो बानो, अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वतंत्रता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बांध कर हुआ है। इसलिए आज हम सभी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी जी को याद करते हैं। विद्यालय की प्राथमिक शाखा के बच्चों द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत की झांकी प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एनके दुबे, ओपी गोयल, पारस पांडेय, तारकेश्वर कुमार, अनुश्री, अनुराधा सिंह, मधुश्री, अनुपमा रानी और मधुमिता विश्वास आदि मौजूद थीं।

### मेरी आवाज मेरी पहचान संस्था की ओर से मदरसे के बच्चों के बीच कंबल वितरित

रांची (आजाद सिपाही)। बढ़ते ठंड को देखते हुए मेरी आवाज मेरी पहचान संस्था की ओर से मदरसे के बच्चों के बीच कंबल वितरित किया गया। कंबल वितरण का कार्यक्रम मेरी आवाज मेरी पहचान के द्वारा हिंदपीढ़ी स्थित मदरसा रहमानिया के बच्चों के बीच किया गया। एमएएमपी के अध्यक्ष एक्टर देवेश खान ने हाफिज मिकाइल के कामों की खूब तारीफ की। रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हाफिज मिकाइल ने मेरी आवाज मेरी पहचान के सभी पदाधिकारी का स्वागत किया। एमएएमपी के सचिव बुलंद अख्तर ने कहा कि बच्चों किस्मत से नहीं मेहनत से कामयाबी मिलती है। महासचिव कुमार गहलोत ने मदरसा के बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। इस मौके पर एक्टर देवेश खान, कुमार गहलोत, अब्दुल कयूम, बुलंद अख्तर, गौरव कुमार मौजूद थे।

# गुरु रामदास का प्रकाश पर्व मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर स्त्री सत्संग सभा में सोमवार को सिख पंथ के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास का पावन प्रकाश पर्व पूरे श्रद्धाभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर 2.30 बजे से सजाये गये विशेष दीवान में स्त्री सत्संग सभा के श्रद्धालुओं ने श्री जपुजी साहेब के पांच पाठ, श्री चौपाई साहेब के दो पाठ के अलावा श्री सुखमनी साहेब का पाठ सामूहिक रूप से पढ़ा।



मौके पर स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, मनोहरी काठपाल, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर ने धन धन गुरु रामदास जीनी सिरिया तिनि सवारिया... एवं सा धरती भई हरियावली जित्थे मेरा सतगुर बैठा आये... शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा।

श्री अनंद साहिब के पाठ के बाद भाई अमरीक सिंह द्वारा अरदास की गयी तथा मनोहरी काठपाल ने गुरु का हुकुमनामा पढ़ा। कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति शाम 5:30 बजे हुई।

सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर स्त्री सत्संग सभा में 12 नवंबर दीपावली के दिन सुबह आठ बजे से दस बजे तक श्री गुरु हरगोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष दीवान सजाया जायेगा। विशेष दीवान में प्रकाश गिरधर, गिरीश मिड्ढा, कृष्णा बाई, पूनम मिड्ढा, सोनी, सरिता मादनपोत्रा, सीमा मिड्ढा, अमिषा मिड्ढा, नीता मिड्ढा, रेशमा गिरधर, प्रवीण गिरधर, अंकिता गिरधर, माहिरा गिरधर, हर्षा गिरधर, बबली दुआ, मनोहरी काठपाल, इंदु पपनेजा, पायल मल्होत्रा, बंसी मल्होत्रा, रमेश गिरधर, अंजू मुंजाल समेत अन्य शामिल हुए।

# श्री महाकाली पूजा समिति के पूजा पंडाल का भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महाकाली पूजा समिति, कचहरी रोड का मंगलवार को भव्य काली पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन चैती दुर्गा मंदिर के पंडित सुभाष मिश्रा और यजमान बबलू वर्मा ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के मौके पर मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि हमारी परंपरा रही है कि हम मूर्ति स्थापित करते हो या किसी प्रकार का निर्माण कार्य करते हैं तो



धरती माता से इसकी इजाजत लेते हैं। महानगर अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि कचहरी रोड, जयपाल सिंह स्टेडियम स्थित काली पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा। 12 अक्टूबर से चार दिवसीय आयोजित काली पूजा के लिए व्यापक तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। भूमि पूजन में समिति के रामधन बर्मन, नंदकिशोर सिंह चंदेल, कमलेश यादव, दीपक ओझा, बंटी वर्मा, राजीव पांडेय, उज्जवल कुमार, अरुप मोदक, दिलीप सिंह, प्रिया बर्मन, नीतू सिंह, शिल्पी वर्मा, अशोक यादव, करण सिंह, आशीष रजक, नमम भारतीय, मोहित रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, हर्ष सिंह, यश वर्मा, सौरव रजक शामिल थे।

**आरोप : रिकॉर्ड रूम में गुम हो रहे हैं खतियान, लोग परेशान**

# रिकॉर्ड रूम का घेराव किया जायेगा : अमर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड बनने के बाद जिस तरह शहरीकरण में तेजी आयी है, उसी तरह से भूमि विवाद में भी बढ़ोतरी हुफहै। उक्त बातें नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। कहा कि रांची शहर के नजदीकी प्रखंड शहर अंचल, बड़गाईं अंचल, कांके अंचल, नामकुम अंचल के रैयत का खतियान जिला रिकॉर्ड रूम में नहीं मिल रहा है। तमाड़-बुंडू, सोनाहातू क्षेत्र के भूमि का डिजिटल नहीं होने के कारण भूमि की विस्तृत जानकारी नहीं मिल पा रही है। खतियान प्राप्त निकासी की कार्यशैली में पारदर्शिता नहीं है। दूसरी और ऑनलाइन कागजात



सुधारने के नाम पर धांधली होती है। कुछ कंप्यूटर ऑपरेटर जानबूझकर गड़बड़ी करते हैं, ताकि रैयत से वसूली कर सके। रांची रजिस्ट्री ऑफिस में बिना दस्तावेज सत्यापन के निबंधन किया जा रहा है। रांची जिले में अन्य जिले के ज्यादातर लोग फर्जी आधार कार्ड बना कर जमीन की खरीदारी करते है। जमीन की प्रकृति से हेरा-फेरी कर जमीन कबजाने का प्रयास करते है। नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेताओं ने कहा जमीन विवाद को सुलझाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की जानी चाहिए। अगर स्थिति में सुधार ना हुआस तो राज्य के विभिन्न प्रखंड पंचायत के रैयत के साथ मिलकर जिला रिकॉर्ड रूम का घेराव किया जायेगा।

# झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य को सुनील तिवारी का पत्र

**आदरणीय सुप्रियो दादा जी,**
**सप्रेम जोहार!**

पिछले कुछ दिनों से आपका हमसे एवं हमारे परिवार से संबंधित आरोपों की बौछार वाला धुआंधार प्रेस कांफ्रेंस सुर्खियों में रहा। आप जितना कह चुके हैं, वह आप पर मानहानि का मुकदमा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन मैं वो काम नहीं करूंगा, जो गुजरे काल में राजनीतिक विरोधियों से निपटने के लिए आप लोगों ने सत्ता के पावर को टूल किट की तरह इस्तेमाल कर किया है।

जीवन में साठ साल की उम्र तक कभी भी मुझे 107 का मामला झेलने का भी मौका नहीं आया। लेकिन आप महानुभावों की असीम कृपा से मुझे डराने, चुप कराने एवं मुंबई कांड में मेरे द्वारा मुंबई हाइकोर्ट में दायर हस्तक्षेप याचिका से हटाने के लिए पहले धमकी मिली। फिर अगस्त 2021 में मुझ पर ताबड़तोड़ दो-दो मुकदमे करवाये गये, जेल भेजा गया, जान मरवाने तक की साजिश रची गयी। गनीमत है कि मुझे इन योजनाओं की पहले से ही सूचना मिल रही थी। सो मैंने जून 2021 में ही मुझ पर मुकदमा कराने का षड्यंत्र रचने की जानकारी पत्र लिख कर मुख्य सचिव समेत अन्य अफसरों को भी दे दी थी। और ठीक तीन महीने बाद वैसा ही सब कुछ मेरे साथ हुआ।

ईश्वर की कृपा से उच्च न्यायालय ने मुझे न सिर्फ जमानत दे दी, बल्कि मेरे मामले में पुलिस की कार्यशैली पर प्रतिकूल गंभीर टिप्पणी की। छह महीने मुझे तड़ीपार रहना पड़ा। मेरी जमानत रद्द कराने के लिए भारी-भरकम वकीलों की टीम रख कर झारखंड सरकार सुप्रीम कोर्ट गयी। यह सरकारी प्रयास भी विफल हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट द्वारा दी गयी जमानत को सही मान कर पहली तारीख में झारखंड सरकार के जमानत रद्द करने के अनुरोध वाले एसलपी को खारिज कर दिया।

मेरे पर दर्ज मामलों की सीबीआइ जांच की याचिकाओं पर हाइकोर्ट रांची में सुनवाई हो रही है। अगर हाइकोर्ट से अनुमति मिली, तो जांच देर-सबेर जरूर होगी। तब मैं सप्रमाण बताऊंगा कब-कब मुझे किन-किन लोगों ने मुंबई केस से हटाने के लिए प्रलोभन देने एवं दबाव में लेने का प्रयास किया था।

मेरे पर मुकदमा हुआ, जेल गया, तो उत्साही सहयोगियों ने सोशल मीडिया पर डंके की चोट पर यहां तक लिख दिया कि मैं तो अब जेल में ही मर जाऊंगा।

सुप्रियो दा, आप पर मुकदमा इसलिए भी नहीं करूंगा कि मेरी नजर में आप एक सज्जन, गंभीर एवं निर्विवादित (एकाध मामलों को छोड़ कर) व्यक्ति रहे हैं। मुझे पता है कि इसके पीछे वो कौन लोग हैं, जो आपका इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आपका यह दायित्व है कि कुछ भी बोलने से पहले अपनी जानकारी को जांच-परख लें। अगर हमारे बारे में आप आधारहहीन बात भी करेंगे तो चलेगा, क्योंकि राजनीति में ये सब चलता है आजकल। लेकिन जब कभी मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघ कर मेरे परिवार-बच्चों के बारे में कुछ कहें, आरोप लगायें तो पहले उसे जांचें-परखें।

आप उस जमात के समझदार और विनम्र व्यक्ति माने जाते हैं। आप दूसरों की तरह धोखेबाजों, छलियों, अज्ञानियों की साजिश का पार्ट नहीं बनें, जिन्होंने अपना-अपना हिडेन एजेंडा सेट करने, लाभ लेने एवं खुद की खुन्नस निकालने के चक्कर में अपनी वैमनस्यता ऊपरवालों के माथे थोप कर ऐसा उलझा-फंसा दिया है कि कइयों को दिन में ही तारे दिखाई दे रहे हैं।

आप अगस्त 2021 से मेरे खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं। फिर भी आपको मेरे बारे में पता लगाने में दो साल तीन महीने लग गये। इतनी मेहनत की क्या जरूरत थी? जिस यूनिवर्सिटी में आप पढ़ा रहे हैं, कभी मैं भी उसका ऑनरेरी विजिटिंग प्रिंसिपल/संकटमोचक हुआ करता था। यकीन न हो तो वाइस चांसलर साहब से ही पूछ लीजियेगा। कई चश्मदीद तो अभी भी आपके सीनियर विधायक हैं। उनसे पूछियेगा तो मेरे बारे में आपको सब बता देंगे।





तब शायद आपको यह कहने की जरूरत न पड़े कि आखिर सुनील तिवारी हैं कौन?

सुप्रियो दा, प्रेस में चटकारे लेकर छपवाने के लिए ये भी कहा जा सकता है कि जोहार साथियों, जब इस सरकार में जेपीएससी का गठन हुआ, तो कुछ नाम ऐसे दिखे, जिनके बारे में पता ही नहीं चल रहा था। बड़ी मेहनत से पता किया तो पता चला कि उनका झारखंड में योगदान इतना भर है कि वो फलां महानुभाव का परिवार हैं। उस पर मैं बहुत कुछ पढ़-लिख सकता था, लेकिन यह काम कितना नैतिक होगा?

योगेंद्र तिवारी कौन है? क्या है? किसके माध्यम से किसको कितने पैसे दिये। अगर इसमें कुछ मुझसे या मेरे परिवार से संबंधित कोई वक्तव्य देना हो, तो एक नहीं सौ बार दीजिये। लेकिन एक बार हमसे सीधे ही पूछ लीजिये। हम जानकारी आपको जरूर देंगे। मैं दूसरों की तरह न तो मुंह छिपाऊंगा न ही इस बात से इंकार करूंगा कि योगेंद्र तिवारी को तो हम जानते ही नहीं। डंके की चोट पर कहता हूं कि योगेंद्र ही नहीं बल्कि उनके पिताजी से पैंतीस सालों से पारिवारिक संबंध है। उसने अगर गलत किया है और मैं सहभागी हूं तो मुझे भी कानूनन सजा मिले।

मेरे परिवार के जिस बैंक ट्रांजैक्शन की एकतरफा जानकारी की ओर आप इशारा कर रहे हैं वह किसी जमीन के छोटे प्लाट की खरीद के लिए एक जमीन मालिक को 2017 में एडवांस के रूप में ड्राफ्ट के जरिये दी गयी थी। फिर वह पूरी जमीन जिन्होंने सीधे मालिक से ले ली, उन्होंने 2021 को वही सेम एमाउंट चेक से मेरे परिवार के खाते में वापस कर दिया। याद रहे, मेरे परिवार के खाते में, मेरे खाते में नहीं। अगर आपकी नजर में यह रकम मेरे मार्फत राजनैतिक लेन-देन की है, तो इस पर मुझे कोई सफाई नहीं देनी है। मेरे परिवार की ऐसी खरीद-बिक्री में अकाउंट से लेनदेन कोई दूसरे मामले में भी हो सकती हैं। मेरा परिवार तीस सालों से इनकम टैक्स पेई है। वह काम कर सकती है। ठीक वैसे ही जैसे किसी राजनीति से जुड़े व्यक्ति का परिवार गैर राजनैतिक संवैधानिक पद पर बतौर मेंबर मनोनीत होकर काम कर सकता है और कर रहा है।

आपने बड़े गर्व से बताया था कि फलां कंपनी 2005 में बनी, जिसमें फलां-फलां डायरेक्टर हैं। ये देखिये प्रमाण हैं या नहीं। लेकिन आप शायद हड़बड़ी में ये बताना भूल गये कि आपने जिन-जिनको डायरेक्टर बताया वे लोग तो 2009 में ही उस कंपनी से इस्तीफा देकर पूरी तरह अलग हो चुके थे। झूठी जानकारी देकर काहे पूरे जीवन की विश्वसनीयता की खुद की कमाई मिट्टी में मिला रहे हैं आप?

मैं तो कहूंगा कि ऐसे मामले में अगर सीधे हम पर मुकदमा कर कार्रवाई कराने का स्कोप आप सबों को नहीं मिल रहा है तो योगेंद्र तिवारी पर शराब सिंडिकेट बना कर सरकार की आंख में धूल झोंक कर गलत तरीके से शराब कारोबार पर कब्जा करने का मुकदमा करवाइये। फिर एसआइटी बनाइये और 2005 से ही जांच करवाइये। अगर मैं या मेरे परिवार के द्वारा कोई भी गलती होगी, घपले-घोटाले में संलिप्तता होगी तो उसकी जांच के रास्ते आपको हमारी गर्दन तक पंहुचने का मौका बैठे बिठाये मिल जायेगा। कारवाई करिये। सुप्रियो भाई, सरकार आपकी, पुलिस आपकी। तो देर किस बात की? इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

**- सुनील तिवारी**

# नालको में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के तत्वावधान में, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाने हेतु प्रमुख एल्यूमिनियम उत्पादक नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) देश के साथ जुड़े। कंपनी की सभी परिचालन इकाइयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और मुख्यालय में कर्मचारियों ने विभिन्न जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और भ्रष्टाचार से लड़ने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा की। भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध विषय पर 30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा।

भुवनेश्वर स्थित नालको मुख्यालय में सोमवार को कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नालको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने भ्रष्टाचार को खत्म करने और पेशेवर तथा सामाजिक जीवन में सभी प्रकार के भ्रष्टाचार का विरोध करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार विकास में बाधा डालता है और आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति में बड़ी बाधा है।

पूर्व आइपीएस अधिकारी डॉ कान्हू चरण महली ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ायी, जबकि राधाश्याम महापात्र, निदेशक, पंकज कुमार शर्मा, निदेशक, जगदीश अरोड़ा, निदेशक और सोमनाथ हंसदाह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, नालको विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री हंसदाह ने अपने भाषण के दौरान कर्मचारियों से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में उदाहरण पेश करने का आग्रह किया और ईमानदारी के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

# रेलवे सुरक्षा पर बढ़े ध्यान

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों के बीच हुई टक्कर ने एक बार फिर रेलवे सुरक्षा से जुड़े सवालों की ओर ध्यान खींचा है। अब तक मिली सूचनाओं के मुताबिक विशाखापत्तनम से पलासा जा रही एक पैसेंजर ट्रेन सिगनल न होने की वजह से धीमी रफ्तार से जा रही थी, जिसे उसी लाइन पर तेज रफ्तार से आ रही दूसरी ट्रेन ने पीछे से टक्कर मार दी। रेलवे अधिकारियों की राय है कि यह हादसा दूसरी ट्रेन के लोको-पायलट की गलती का नतीजा लगती है, जो खुद भी इस दुर्घटना का शिकार हो गये। इस दुर्घटना ने करीब 5 महीने पहले ओड़िशा में हुए भीषण ट्रेन हादसे की याद दिला दी, जिसमें 280 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो गयी थी। वैसे इसी महीने की 12 तारीख को बिहार के बक्सर में भी नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के 23 कोच पटरी से उतर गये थे। भूलना नहीं चाहिए कि भारतीय रेल रोज औसतन सवा सौ करोड़ लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती है। ऐसे में ये छोटे-बड़े हादसे उन तमाम लोगों के मन में चिंता पैदा करते हैं, जो कहीं जाने के लिए बेखटके रेलवे का सहारा लेते हैं। जहां तक रेलवे के सेफ्टी सिस्टम का सवाल है, तो रेलवे से जुड़ी संसदीय समिति और कैग दोनों की रिपोर्टें इस ओर ध्यान खींचती रही हैं। दिसंबर 2016 से मार्च 2023 के बीच ही ऐसी कम से कम तीन रिपोर्ट हैं, जो बताती हैं कि रेलवे अपने सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पा रहा। जहां तक सुरक्षा पर होने वाले खर्च की बात है, तो 2017-18 में राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष तैयार कर दिया गया था। इस कोष में धन की कमी नहीं पड़ने दी गयी, लेकिन मार्च 2023 में संसदीय समिति ने बताया कि कभी एक साल भी ऐसा नहीं गुजरा, जिसमें इस सालाना रकम का पूरी तरह इस्तेमाल किया गया हो। ध्यान रहे, ओडिशा में जून में हुए हादसे के पीछे भी सिगनलिंग सिस्टम की गड़बड़ियां बतायी गयी थीं। हालांकि उस मामले में सीबीआइ ने तीन रेलकर्मियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की है। अब आंध्र प्रदेश में हुई दुर्घटना की जिम्मेदारी उस लोको-पायलट के सिर डाली जा रही है, जो अपना पक्ष रखने के लिए अब जीवित भी नहीं। हो सकता है उससे मानवीय भूल हुई हो, लेकिन आखिरकार यह रेल सुरक्षा से जुड़ा मामला ही है, जिसकी जिम्मेदारी रेलवे सिस्टम पर आती है। लोकोमोटिव पायलट जिस तरह की चुनौतियों के बीच और जिस तरह के हालात में काम करते हैं, वे भुलाये नहीं जा सकते। इस संबंध में दिसंबर 2016 में संसदीय समिति ने ध्यान दिलाया था कि लोकोमोटिव पायलट तकरीबन हर किलोमीटर पर एक सिगनल से गुजरते हैं और उन्हें पर्याप्त टेक्निकल बैकअप भी उपलब्ध नहीं होता। अक्सर उन्हें 10 घंटे का अपना शिफ्ट बढ़ाना भी पड़ता है। ऐसे में सुरक्षा से जुड़े इन पहलुओं की अनदेखी करते हुए ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने पर जोर आगे चल कर और गंभीर स्थिति पैदा कर सकता है।

**दिसंबर 2016 से मार्च 2023 के बीच ही ऐसी कम से कम तीन रिपोर्ट हैं, जो बताती हैं कि रेलवे अपने सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पा रहा। जहां तक सुरक्षा पर होने वाले खर्च की बात है, तो 2017-18 में राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष तैयार कर दिया गया था।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

इसी वर्ष प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर, जो भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। हालांकि, इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है; इसने सरदार पटेल द्वारा परिकल्पना किये गये एकता और अखंडता के सार को फिर से जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाये रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी।

# जब विकास एक जन-आंदोलन बन गया: राष्ट्रीय एकता दिवस का सार



**जी किशन रेड्डी**



यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता था, जिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया है - संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम् - हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिल कर सोचते हैं, हम मिल कर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिल कर इस देश को आगे ले जाते हैं - नरेंद्र मोदी

2014 में, लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसे भारत के लिए अपना विजन अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा, जहां विकास सिर्फ एक एजेंडा नहीं था, बल्कि प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने एक ऐसे भविष्य का संकेत दिया, जहां जनभागीदारी, हमारे सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर हमारे दावे के रूप में उभरेगी।

इसी वर्ष प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर, जो भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। हालांकि, इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है; इसने सरदार पटेल द्वारा परिकल्पना किये गये एकता और अखंडता के सार को फिर से जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाये रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी।

**राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है, यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है।**

एक दशक बाद जब हम राष्ट्रीय एकता दिवस मना रहे हैं, यह भारत द्वारा एकता के स्थायी सिद्धांतों और सहयोग की मजबूत ताकत द्वारा प्रकाशित पथ पर की गयी उल्लेखनीय यात्रा को पुनर्जीवित करने का सही समय है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है और यह दुनिया की पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, हमारा देश 2004-2014 के खोए हुए दशक से उबरते हुए अब तेजी से चमक रहा है।

यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज बन गया है, जो लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। आम लोगों का बजट नागरिकों को अपने वित्तीय निर्णयों के लिए सरकार को जवाबदेह बनाने, बजट प्रगति की निगरानी में सक्रिय भागीदारी निभाने और कुशल संसाधन उपयोग को सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है।

हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने अभूतपूर्व पहलों के माध्यम से व्यापक विकास को गति दी है: 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाये गये हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्ति हुई है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है; और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। उक्त सभी 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं।

'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने हमारी भारतीयता को पुनर्जीवित किया, जिससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केंद्रित अभियान की शुरुआत हुई। हमने अपने एमएसएमइ को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। इस दर्शन ने 2014 के बाद से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत को एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निर्माता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भी है, जिसके तहत पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गयी है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है।

'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है।

2014 के बाद से भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गयी, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लिकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे।

कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभर कर सामने आये और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है।

भारत की जी-20 अध्यक्षता ने, अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा लोगों की जी-20 में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और वसुधैव कुटुंबकम की पुष्टि की।

राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है; यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है। यह व्यावहारिक लोकतंत्र है, जो मां भारती के विशाल भू-सांस्कृतिक-राजनीतिक परिदृश्य के भव्य एकीकरण से संबंधित सरदार पटेल के दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रत्येक आवाज को शासन में एकीकृत करने से जुड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान इसी भावना को दर्शाता है। यह राष्ट्रीय गौरव और एक विविध राष्ट्र को एकजुट करने से संबंधित है, जो सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रतिबिंबित करता है। प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हमारे भाग्य को आकार देती है तथा समावेश, विविधता और सामूहिक शक्ति का पोषण करती है।

इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, आइए हम अपने आप को सशक्तिकरण के दर्शन के लिए फिर से समर्पित करें, हक/अधिकार का परित्याग करें, जो वास्तव में सच्चे लोकतंत्र का आधार बन गया है और जो हमें अमृत काल के आशा से भरे युग में प्रवेश के लिए मार्गदर्शन कर रहा है।

**(लेखक : केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# हाइकोर्ट ने चाइबासा मनरेगा घोटाला मामले में इडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट को चाइबासा में मनरेगा घोटाले मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान इडी ने बताया कि मामले में इडी ने एक ईसीआइआर केस दर्ज किया गया है, जिसका अनुसंधान जारी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चार सप्ताह में इडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

चाइबासा में मनरेगा घोटाला की सीबीआइ जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज 14 केस में से 13 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं। इडी की ओर से जो दस्तावेज मांगे गये थे, उसे राज्य सरकार ने उपलब्ध करा दिया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता का जो आग्रह था, वह पूरा हो चुका है। इसलिए याचिका निष्पादित की जाये। कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 12 दिसंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता ने मनरेगा घोटाला में चाईबासा के तत्काल डीसी के श्रीनिवासन की भूमिका पर सवाल उठाया है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि इडी इस मामले की जांच कर रही है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि यदि ईडी चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले के अनुसंधान से संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि की मांग करती है तो उसे उपलब्ध कराए। उस समय ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले में कई केस में एंटी करप्शन ब्यूरो( एसीबी ) ने आरोप पत्र दिए दाखिल कर दिया है लेकिन आरोप पत्र की प्रतिलिपि मांगे जाने पर राज्य सरकार द्वारा ईडी को मुहैया नहीं कराया जा रहा है, जिस पर कोर्ट ने सरकार को ईडी द्वारा मांगे जाने वाले दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

# सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह में शामिल हुए सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पटेल स्मारक समिति की ओर से बिष्टुपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। उन्होंने सरदार पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर सांसद ने कहा भारत की एकता और अखंडता का वर्तमान स्वरूप सरदार वल्लभभाई पटेल की देन है, लेकिन आज बहुत सारी राष्ट्र विरोधी शक्तियां सक्रिय हो गयी है। इन सारे तत्वों से सरदार पटेल की तरह कठोरता पूर्वक निबटने की जरुरत है। सांसद ने कहा कि हम सभी को देश भक्त सरदार पटेल के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, कोल्हान के पूर्व आयुक्त मोहनलाल राय ,विजय कुमार सिंह, चंद्रगुप्त सिंह ,ओम प्रकाश सिंह, विनोद कुमार सिंह, राजकुमार सिंह ने मालार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ ही उनके बताये रास्ते पर चलने की सीख ली। मौके पर पटेल स्मारक समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अशोक मंडल, सचिव चंद्र मोहन चौधरी, कोषाध्यक्ष रामाशीष सिंह, नित्यानंद भुपाल कुमार, रामप्रवेश, जवाहरलाल, त्रिफूल राय का आयोजन को सफल बनाने में योगदान रहा।

# पटेल और इंदिरा गांधी को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती और इंदिरा गांधी शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव राकेश तिवारी शामिल हुए। मौके पर अतिथियों ने पटेल और इंदिरा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर उन्होंने कहा महापुरूषों के पदचिन्ह पर चल कर ही देश की सेवा में सार्थक हो सकते है। वही विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने कहा सरदार बल्लभ भाई पटेल ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत ही अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने किसानों के हक में अंग्रेजों के विरुद्ध जोरदार ढंग से आंदोलन को सफल किया, जिसके कारण अंग्रेजों को बेतहासा लगान वापस लेना पड़ा। इतना ही नही स्वतंत्र भारत की 556 रियासतों को मिला कर एक भारत का निर्माण अपने बुद्धि कौशल के बल पर किया था। इसके लिए उन्हें लौहपुरूष सरदार पटेल भाई पटेल के नाम से जानते है। उन्होंने कहा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी स्वतंत्रता आंदोलन में बाल सेना का निर्माण कर अपनी भूमिका निभाई थी। उन्होंने विश्व में मजबूत भारत का नाम रौशन किया। उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बंगाला देश का निर्माण कराया। इन्होंने ने ही राष्ट्र हित में बैंक, चीनी मिल एवं कोयला को राष्ट्रीय करण कर भारतवासियों के भविष्य को सुरक्षित किया था। इन्हीं कारणों से इन्दिरा गाँधी को आयरन लेडी की संज्ञा दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, अमरजीत नाथ मिश्र, ब्रजेन्द्र तिवारी, अवधेश सिंह, अनंत लाल, संजय यादव, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, रविंद्र शर्मा, अजय मिश्रा, कमर रजा खान, सन्नी सिंह सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद ने किया।

## विधायक ने खुदीराम बोस पार्क का किया शिलान्यास

# जनता की मांग पर जुगसलाई विधानसभा का तेजी से हो रहा विकास: मंगल कालिंदी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत परसुडीह मकदमपुर फाटक किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ था। आये दिन लोगों की परेशानी से अवगत होने के बाद विधायक मंगल कालिंदी ने जनता से पार्क निर्माण के लिए आश्वासन दी थी। सोमवार को विधायक ने जनता से किए गए वादा के अनुसार विकास कार्य को गति देते हुए वीर शहीद खुदीराम बोस पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा,जिला पार्षद सदस्य पूर्णिमा मालिक व माणिक मल्लिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सभा को संबोधित करते हुए कहा इस स्थान पर कचरे का अंबार लगा रहता था। जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी। दुर्गा पूजा के पूर्व साफ सफाई के लिए निर्देश दिया गया ।उस दौरान स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया था दुर्गा पूजा के बाद पार्क निर्माण होना तय है। आज जनता के समर्थन में वीर शहीद खुदीराम बोस पार्क निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। ताकि क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके। विधायक ने कहा आज मेरे लिए काफी खुसी का दिन है। उन्होंने कहा पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में लोगों की जरूरत के अनुसार विकास का कार्य की जा रही है। विधायक ने कहा जिस स्थान पर जिस चीज की स्थानीय लोगों को जरूरत है उस स्थान पर उसी चीज का निर्माण कराना पहली प्राथमिकता है। ताकि जुगसलाई विधानसभा का तेजी से विकास हो सके। मौके पर शिलान्यास के दौरान शामिल स्थानीय लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, मुखिया अरुणा एक्का, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, झामुमो नेता मिथुन चक्रवर्ती, मनोहर हूसेन, देवजित मुखर्जी, मानिक मल्लिक, रंजीत साह, आशीष ठाकुर, ललन यादव, मुनमुन चक्रवर्ती सहित सैकड़ो स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# गढ़वा में 13.50 लाख से बनेगा पुस्तकालय पढ़ाई में मिलेगी मदद : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा । गढ़वा में अध्ययन के लिए बेहतर पुस्तकालय उपलब्ध होगा। 73 लाख, 45 हजार, 486 रुपये की लागत से श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जायेगा। इसकी निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय गढ़वा का बेहतर भवन का निर्माण किया जायेगा। यह पुस्तकालय भवन सभी सुविधाओं से युक्त होगा। लोगों को यहां अध्ययन करने में काफी सहूलियत होगी। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं सहित अन्य सभी प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकें आदि भी उपलब्ध होगी। अन्य लोगों सहित विद्यार्थीगण इस पुस्तकालय से काफी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवकों को भी काफी सुविधा होगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में लगभाग सभी सुविधाएं उपलब्ध हो गयी हैं। यहां एक बेहतर पुस्तकालय की आवश्यकता थी। यह भी अब पूरा हो गया। यथाशीघ्र इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर गढ़वा वासियों को समर्पित किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि काफी कम समय में गढ़वा में हर क्षेत्र में काफी बेहतर विकास हुआ है। सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा आदि सहित शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी बदलाव आया है। उनका उद्देश्य है कि विद्यार्थियों एवं युवाओं को गढ़वा में ही शिक्षा की भी बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मंत्री ने बताया कि इसकी निविदा प्रकाशित कर दी गयी है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। यथाशीघ्र गढ़वा वासियों को बेहतर, सुसज्जित एवं सर्व सुविधा संपन्न पुस्तकालय का तोहफा मिलेगा।

# अवैध देसी कट्टा के साथ दो अलग-अलग घटना में एक नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिले की पुलिस ने दो अलग अलग अलग मामले में एक नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा अवध कुमार यादव व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंका संतोष कुमार ने बताया कि बीते दिनो पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। कि दो अन्य जगहों पर अपराधी गतिविधि के लोग कट्टा लेकर घूम रहे हैं। एवं लहरा रहे हैं। सूचना के सत्यापन हेतु रंका थाना प्रभारी अन्हार गांव पहुंच त्वरित कार्रवाई करते हुए। घटनास्थल से एक देसी लोडेड पिस्टल चार गोली भरा हुआ एक मैगजीन एक खोखा दो मोबाइल और एक बाइक के साथ तीन व्यक्ति रामजी यादव के पुत्र राजेश यादव गोपाल यादव के पुत्र अप्रैल यादव उर्फ प्रिंस व एक किशोर को गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त राजेश यादव के विरुद्ध जानकारी मिली कि छत्तीसगढ़ के विजयनगर चौकी में पूर्व से लूट कांड मामला दर्ज है। जिसमें कुछ साक्षीगण ग्राम अन्हर के हैं। वही साक्षगण के डराने धमकाने और गवाही देने से रोकने के लिए राजेश यादव अपने दो अन्य साथियों के साथ हथियार लेकर अन्हर पहुंचा था। छापेमारी टीम में रंका अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार पुलिस और निरीक्षक सह थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पिंकू, विवेक, हवलदार कन्हैया यादव आरक्षी भारत कुमार चालक आरक्षी हरे कृष्ण कुमार का नाम शामिल है।

जबकि वहीं दूसरी घटना मेराल थाना क्षेत्र अकलवानी टोला की है। जहां मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक के द्वारा देशी कट्टा लहराते हुए डांस करने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी जिससे सत्यापन करने के लिए गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर देसी कट्टा लहरा रहे राम प्यारे राम का पुत्र सुबोध राम के घर पहुंच कड़ाई से पूछताछ करने पर सुबोध राम के द्वारा बताया गया कि विसर्जन के उपरांत उक्त देसी कट्टा को गांव के अवधेश राम के पुत्र संकेत कुमार रवि को दे दिया जिसके निशानदेही पर संकेत कुमार से पूछताछ करने के बाद उक्त देसी कट्टा 0.315 बोर के देसी कट्टा को बरामद कर लिया गया और अभियुक्त दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## भ्रष्टाचार के मुखिया बन बैठे हैं हेमंत : रितेश चौबे



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रंका मोड़ गढ़वा में जेएसएससी द्वारा आयोजित नगर पालिका सेवा संवर्ग नियुक्ति परीक्षा में धांधली मामले में हेमंत सरकार के खिलाफ पुतला फुंका गया। पुतला दहन के दौरान कार्यकताओं ने रंका मोड़ पर पुतला का शव यात्रा निकाला इस दौरान हेमंत सरकार मुदार्बाद भ्रष्टाचारी सरकार वापस जाओ युवा विरोधी सरकार इस्तीफा दो आदि अनेकों नारे लगाये गये। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड में भ्रष्टाचार का मुखिया बन बैठे हैं चारों तरफ खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। युवाओं के अधिकारों को पैरों तले रौंदा जा रहा है। वहीं हेमंत सरकार सबकुछ सामने से देख रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में युवा रोजगार के लिए तड़प रहें हैं। युवाओं का भविष्य चौपट हो चुका है। चार साल से एक भी बहाली नहीं हुआ है।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने नप की सभी दुकानों का किया औचक निरीक्षण



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकानों का औचक निरीक्षण कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा किया गया। वही कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा ट्रेड लाइसेंस का जांच किया गया वहीं ट्रेड लाइसेंस नहीं पाये जाने पर शुल्क प्राप्त कर तत्काल ट्रेड लाइसेंस जारी किया गया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने सभी व्यवसाययों से आग्रह किया गया कि कार्यालय में स्वयं आकर अपना अपना ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं और प्रशासन को सहयोग करें अन्यथा इस तरह का अभियान प्रत्येक सप्ताह में चलाया जायेगा। औचक निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नाजिर अमित कुमार पाठक, अनूप तिवारी, जीतेश कुमार, विकास सिंह और साथ में प्रशासन के पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## सरदार पटेल की 148वीं जयंती मनायी गयी



खरौंधी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चौरिया गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती धूमधाम से मंगलवार को मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत चौरिया चौक पर स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर डॉ निशांत कुमार, प्रमुख धर्मराज पासवान, उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने माल्यार्पण करके किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए डॉ निशांत कुमार ने कहा सरदार पटेल ने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया।

## दस दिवसीय रामलीला का आयोजन



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। कमता गांव स्थित श्री श्री अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर परिसर में जय भवानी संघ कमिटी के द्वारा दस दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव एवम थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर दीपक प्रताप देव ने कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति के आदर्श है। उनकी लीलायें और चरित्र को आत्मसात कर हम सभी अपने राष्ट्र और समाज को बेहतर बना सकते हैं।

## छात्रों के बीच स्कूली किट का किया वितरण



केतार (आजाद सिपाही)। केतार प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय ताली में सोमवार को मुखिया मुंगा साह ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली किट का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि यह स्कूली किट सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। ताकि विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत हो। उन्होंने छात्र-छात्राओं प्रतिदिन विद्यालय आकर मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित। उन्होंने कहा की शिक्षा के बगैर अच्छे मुकाम तक पहुंचना मुश्किल है।

## नाबालिग छात्रा के साथ गलत संबंध बनाकर गर्भवती बनाने का आरोपी गिरफ्तार

धुरकी । पुलिस ने एक नाबालिग कक्षा नौवीं की छात्रा के साथ गलत संबंध बनाकर गर्भवती बनाने के आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के धोबनी गांव के आदिम जनजातीय परिवार के एक छात्रा को धोबनी गांव से सटे रक्सी गांव के बैगाटोला निवासी आरोपी महेंद्र प्रजापती पिता कामेश्वर प्रजापती ने नाबालिग छात्रा के साथ विगत फरवरी माह में जबरन शारीरिक संबंध बनाया था। इसकी जानकारी देते हुए पिड़ित छात्रा ने बताया कि मैं अपने सहेली के घर विगत फरवरी महिने मे शादी मे गयी थी। तब सहेली के भाइ ने हमसे शादी के दीन ही जबरन शारीरिक संबंध बनाया, और मैं इसका विरोध की तब वह मुझे ब्लैकमेल करने के लिए धमकी देने लगा। इसके बाद फिर दोबारा धमकाकर शारीरिक संबंध बनाया इसके बाद मैं समझ नही पायी और मैं गर्भवती हो गयी।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन

**उपायुक्त समेत पदाधिकारियों, कर्मियों और स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाकर दिया एकता और शांति का संदेश**

**सरदार बल्लभ भाई पटेल को नमन कर राष्ट्रीय एकता की ली गयी शपथ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के निमित राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर जिला प्रशासन गढ़वा द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 6.30 बजे के करीब 'रन फॉर यूनिटी' का यह कार्यक्रम समाहरणालय गढ़वा से प्रारंभ हुआ और रंका मोड़ होते हुए टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में सम्पन्न हुआ। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में उपायुक्त शेखर जमुआर संग अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा अवध कुमार यादव, डीएसपी मुख्यालय संतोष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत काफी संख्या में पुलिस जवान, स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाया। इस दौरान सभी ने 'देश तभी बनेगा महान, जब एकता बनेगी हमारी पहचान, अनेकता में एकता यही भारत की विशेषता, एकता में जो बल है, वह सबसे प्रबल है' जैसे नारे भी लगाकर एकता और शांति का संदेश दिया। वहीं टाउन हॉल मैदान गढ़वा पहुंचने पर उपायुक्त सहित अन्य उपस्थित लोगों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल को याद कर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बहुमूल्य योगदान को याद किया। साथ हीं राष्ट्रीय एकता का शपथ ग्रहण कर दौड़ का समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल (31 अक्टूबर, 1875 से 15 दिसंबर, 1950) ने आजादी के तुरंत बाद 600 से ज्यादा देशी रियासतों का जिस बुद्धिमत्ता और दृढ़ता से भारत में विलय कराया, वह अपने आप में बड़ी मिसाल है। बेहद चुनौतीपूर्ण माने जाने के कारण ही इस दुष्कर कार्य को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उन्हें दी गयी थी, जिसे उन्होंने वीपी मेनन के साथ मिलकर संभाला। इस बड़ी उपलब्धि के कारण उन्हें लौहपुरुष कहा गया। दृढ़ता के अलावा, नेतृत्व क्षमता, वाकपटुता, बुद्धि-चातुर्य, व्यवस्थापक, इच्छाशक्ति, कुशल विनम्रता, व्यावहारिकता आदि उनके ऐसे गुण रहे, जो आज भी हम सभी के लिए बड़ी सीख हैं।

# रघुवर सरकार के कुकृत्यों पर पर्दा डालने का काम कर रहे हैं भानू : धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा है कि भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही कहते हैं। कि उन्होंने शिलान्यास करना छोड़ दिया है। जबकि सच्चाई यह है कि ठेकेदार जब तक पांच प्रतिशत कमीशन नहीं पहुंचाता है। तब तक वे शिलान्यास का तारिख नहीं देते हैं। यदि ठेकेदार काम शुरू कर दिया तो वे कार्यकर्ताओं से कम रोकवा देते हैं। विधायक भानु यह भूल गये कि रघुवर दास ने ही कहा था। कि वर्ष 2018 तक गढ़वा में 24 घंटा बिजली देंगे तो गढ़वा में वोट मांगने नहीं आयेंगे। लेकिन इस बात की सच्चाई सभी के सामने है। दुबे ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद ही गढ़वा में बिजली का काम पूरा हुआ। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्परता व समर्पण से ही आज गढ़वा में बेहतर बिजली मिल रही है। यदि बिजली का काम भाजपाइयों पर छोड़ दिया जाता तो वे आने वाले 10 साल में भी बिजली के तार को मेढ़ना स्थित कोयल नदी पार नहीं करा पाते। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही वाहन चालान पर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं जबकि केंद्र की भाजपा सरकार ने हीं 2019 में मोटर अधिनियम में संशोधन करते हुए चालान की राशि बढ़ा दिया था। भवनाथपुर विधायक अपने रघुवर सरकार की कुकृत्यों पर पर्दा डालने का काम कर रहे हैं। 2017 में इन्हीं के कार्यकाल में बालू को लेकर जतपुरा में नरसंहार हुआ और यह मौनी बाबा बने हुए थे. पाचाडूमर सहित अन्य घाटों से रात भर ट्रैकों से बालू की ढुलाई होती थी उसे समय धृतराष्ट्र की भांति इन्हें कुछ नहीं दिखता था। सरकार बदलते ही इन्हें सब बुराइयां दिखने लगी है। प्रेसवार्ता में झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, शंभू राम, आदि उपस्थित थे।05

# एक हथियार सप्लायर सहित दो लोग सात देशी रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर और खरौंधी थाना पुलिस ने एक हथियार सप्लायर सहित दो लोगों को सात चक्रीय देशी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से दो मोबाइल भी जब्त किया है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा सूचना मिला की सोसल मीडिया फेसबुक में खरौंधी थाना के अरंगी गांव के कसियारवा टोला निवासी नीरज कुमार मेहता के द्वारा अवैध अग्नेशस्त्र के साथ फोटो अपलोड किया गया है। उन्होंने बताया कि मेरे नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए सोसल मीडिया में वायरल करने वाले नीरज कुमार मेहता से पूछताछ किया गया। जिसके आलोक में उसके निशानदेही पर थाना क्षेत्र के आरंगी गांव के गटीयरवा टोला निवासी रीति रौशन उर्फ उपेंद्र मेहता के पास से सात चक्रीय रिवाल्वर तथा दो मोबाइल जब्त किया गया। उन्होंने बताया की गिरफ्तार दोनो अभियुक्त ने बताया की सात चक्रीय रिवाल्वर बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के चचेरिया गांव निवासी खलील खा से खरीदा था। गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों के अनुसार हथियार सप्लायर खलील खान को भी गिरफ्तार किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता में भवनाथपुर के पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, बंशीधर नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र भगत सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

गिरफ्तार दो अभियुक्त पूर्व में भी है आर्म्स एक्ट के आरोपी

खरौंधी थाना क्षेत्र के अरांगी गांव के गटियारवा टोला निवासी रीति रौशन उर्फ उपेंद्र मेहता पर खरौंधी थाना में वर्ष 2017 में कांड संख्या 25 धारा (1-बी) ए/26(3)/35 आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज है वही बंशीधर नगर के चचेरिया गांव निवासी खलील खान पर बंशीधर नगर थाना में इसी वर्ष कांड संख्या 159/23 धारा 25(1-बी) ए/26/25बी/31/35 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

## बाल विवाह और घरेलू हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय के सभागार में आज उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में बाल विवाह और महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता और उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त के द्वारा उद्गार व्यक्त करते हुए कहा गया कि बाल विवाह और महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ तरह-तरह के हिंसा प्रताड़ना आज भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है, जो एक बहुत ही संवेदनशील मामला है। खासतौर पर बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसके कई कारण है और बाल विवाह होने पर कई विषम परिस्थितियां उत्पन्न होती है, जिसका प्रभाव बच्चे, परिवार और समाज पर पड़ता है।

## कर्तव्य और समर्पण की पराकाष्ठा ही महापुरुष बनाता है: एमपी केसरी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10 +2) स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया साथ ही भारत माता और लौह पुरुष सरदार पटेल के चित्र पर भाव-पुष्प निदेशक,प्राचार्य समस्त शिक्षकों और हाउस कैप्टेन ने अर्पित किया। अपने संबोधन में निदेशक महोदय ने कहा कि सरदार पटेल ने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। इनके द्वारा इस लड़ाई में अपना पहला योगदान खेड़ा संघर्ष में दिया गया, जब खेड़ा क्षेत्र सूखे की चपेट में था और वहाँ के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट देने की मांग की। अंत में सरकार को झुकना पड़ा और किसानों को कर में राहत दे दी गयी। सरदार पटेल को सरदार नाम, बारडोली सत्याग्रह के बाद मिला, जब बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ जुड़ गया।

## पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने एकता और अखंडता की ली शपथ



मेराल (आजाद सिपाही)। देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मेराल थाना के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा के लिए सामूहिक शपथ दिलायी गयी। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है, देश की एकता व अखंडता बनाएं रखना सबकी जिम्मेदारी है। शपथ लेने वालों में पुलिस पदाधिकारी संजय हेंब्रम, संतोष कुमार, आशीर्वाद महतो, उमाशंकर शर्मा, सत्येंद्र नाथ चौबे, अखिलेश सिंह, मुन्ना चौधरी, निर्भय सिंह के साथ हवलदार जितेंद्र रजक, वीरेंद्र राम, आरक्षी राजू दुबे, अरविंद यादव, आशुतोष महतो, चेतलाल, अरविंद कुमार दुबे सहित कई जवान शामिल थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलायी गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 31 अक्टूबर दिन मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय, गढ़वा में कराया गया। जिसमे महाविद्यालय की सभी छात्राएं और शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। मौके पर महाविद्यालय के एनएसएस पदाधिकारी प्रो अनीता तूफानी, प्राचार्या डॉक्टर संयुक्ता सिंह, प्रो एसएन राय, डॉ शीशम साहू, डॉ सुनीता, प्रो नेलन तिर्की, डॉ कविता, प्रो रश्मि नंदकुलियार, नीता सिंह, डॉ प्रीती सिंह, प्रो सुनील पाल, रामाशंकर सिंह, रमेश और सभी छात्राएं उपस्थित थे।

## छठ पूजा आयोजन कमेटी का किया गया गठन



रमना (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व को धूम धाम से मनाने को लेकर श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भगवान भास्कर का अस्थाई प्रतिमा बनाने, गुलहरी बांध से टेढ़की पुल स्थित छठ घाट तक समुचित लाईट के व्यवस्था करने, छठ घाट पर साफ सफाई, साउंड सहित समुचित टेंट का व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। जिसमें अजीत कुमार सोनी को अध्यक्ष, संजय प्रसाद देवगन उपाध्यक्ष, टूटू सिंह को सचिव, संजय प्रसाद गुप्ता को उपसचिव, त्रिपुरारी सोनी व सुनील प्रसाद गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही संरक्षक के रूप में शक्ति सिंह, दीपक सिंह, दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, नवयुवक संघ कमेटी के अध्यक्ष अनुज कुमार, सूर्या क्लब के अध्यक्ष अनमोल सोनी, मानस मंदिर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, यंग स्टार ग्रुप एंड ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील गुप्ता और सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिरंचि पासवान, मडवनिया मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार और समाजसेवी मुन्ना प्रसाद नाम को मनोनीत किया गया। समुचित लाइट, टेंट के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## सेवानिवृत्त चार कामगार को दी गयी विदाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया के विभिन्न परियोजनाओं से 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हुए चार कर्मियों को डकरा क्लब में समान समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि जीएम ऑपरेशन के के झा तथा एरिया सेल्स मैनेजर प्रहलाद मीणा, मनोज ओझा सहित श्रमिक प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत कामगार प्रेम कुमार, सुखदेव भगत, नंदू राम और लालदेव गंझू को श्रीफल देकर, शॉल ओढ़ाकर और कंपनी के द्वारा मिलने वाला उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत हुए कामगार के कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की गयी। मौके पर श्रमिक प्रतिनिधि राघव चौबे, सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी, कार्मिक अधिकारी नवनीत शेखर, ओम प्रकाश, रवि समेत लोग मौजूद थे।

## एकदिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के मरधान स्कूल मैदान में जय मां शारदा नवयुवक क्लब जादोडीह की ओर से एकदिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय प्रबक्ता डॉ देवशरण भगत ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे जैसे खिलाड़ी एक सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोग करते हैं, वे सामूहिक प्रयास के महत्व को स्वीकार करते हुए व्यक्तिगत शक्तियों को महत्व देना सीखते हैं। संदीप ब्रदर्स को प्रथम पुरस्कार 50000 रुपये और उप बिजेता टीम एसबी ब्रदर्स को द्वितीय पुरस्कार 40000 रुपये प्रदान किया गया। मौके श्याम कुमार महतो माधव सिंह मुण्डा, सृष्टिधर मांझी, मो0 कमला देवी, कबीर स्वांसी, राज किशोर सिंह मुण्डा, शांति शरण गुप्ता के अलावा आयोजन कमिटी के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा ऑफिसर्स क्लब मे सर्तकता जागरूकता सप्ताह के मौके पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम मे समय पर अपनी जिम्मेवारी के साथ कार्य करने,अपने कार्यो मे सर्तकता बरतने,ईमानदारी के साथ बेहतर कार्य कर कम्पनी का नाम रौशन करने सहित कई बातो की जानकारी दी गयी। सभी को अपने कार्यो मे ईमानदारी और पारदर्शिता बरतने की बात कही गयी। मंच संचालन कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा और धन्यावाद ज्ञापन नागेश कुमार ने किया। इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा, इंद्रजीत सिंह,सकील अख्तर, मुकेश तोषांग, रवि बाड़ा, निशांत, अरूण महतो, संजीव, ज्योति, रूपिंद्र सिंह, दिलिप गोस्वामी, रतन लाल, बिरेंद्र, रमेश सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजुद थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल और इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कालचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू सहि अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो विभुतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि दोनों महान विभूतियों के नक्शे कदम पर चल कर ही देश की उन्नति संभव है।

## व्यवसाय से जुड़े नियोजकों को दी गयी श्रम अधिनियमों की जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** श्रम अधीक्षक कार्यालय खूंटी के सभागार में मंगलवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत विभिन्न श्रम अधिनियमों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह ने जिले के विभिन्न व्यवसाय से नियोजकों और उनके प्रतिनिधियों को विभिन्न श्रम अधिनियमों की जानकारी दी। झारखंड दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियम के अंतर्गत प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले कामगारों को प्रपत्र-12ए में सेवा कार्ड दिया जाना सुनिश्चित किये जाने की जानकारी देते हुए प्रपत्र उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतर्गत प्रतिष्ठानों को अपने परिसर में सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की सूचना का डिसप्ले करने एवं सभी कर्मियों को निश्चित रूप से न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने की जानकारी दी गयी। साथ ही बाल श्रमिकों का नियोजन नहीं किये जाने की बात करते हुए बताया गया कि वैसे प्रतिष्ठान जहां 10 या उससे ज्यादा श्रमिक कार्यरत है उन्हें उपदान भुगतान अधिनियम और मातृत्व प्रसुविधा अधिनियम अंतर्गत श्रमिकों को दिये जाने वाले लाभ तथा वैसे प्रतिष्ठान जहां 1000 से कम श्रमिक / कामगार कार्यरत हों उन्हें प्रत्येक माह की सात तारीख तक वेतन का भुगतान करने और वैसे प्रतिष्ठान जहां राज्य के बाहर के पांच या उससे अधिक कामगार कार्य करते हैं, उन्हें अंतरराज्यीय प्रवासी मजदूर अधिनियम के अंतर्गत निबंधन कराने एवं अभिलेख संधारण करने की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी सुभाष मेहता, खूंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रियांक भगत, अवनी स्वीट्स के शुभम जायसवाल, रिलायंस ट्रेंडस के रूद्रा सिंह, केएस गंगा हॉस्पीटल के सुरेंद्र कुमार, वन इंडिया फैमिली मार्ट के अनुप महतो, डीएमपोली प्लास्टिक के निक्की साबू, तजना ढाबा के राजकुमार भगत सहित 25 से अधिक प्रतिष्ठानों के नियोजक व उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## पिपरवार में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। इस मौके पर बचरा चार नंबर स्थित पटेल चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही आपसी एकता और भाईचारे की शपथ दिलायी गयी। वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनके अधूरे सपने को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर आपसी एकता और भाईचारगी का संदेश दिया।

# लौह पुरुष की जयंती पर निकाली गयी पदयात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को पदयात्रा निकाली गयी। एसएस हाई स्कूल, खूंटी से प्रारंभ पदयात्रा वल्लभ भाई पटेल अमर रहे सहित अन्य नारों के साथ उसुर्लाइन कानवेंट स्कूल, खूंटी तक पहुंची। यहां से पुनः एसएस हाई स्कूल, खूंटी में आकर पदयात्रा का समापन का हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। ज्ञात हो कि देश के पहले उप प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल (31 अक्टूबर, 1875 से 15 दिसंबर, 1950) ने आजादी के तुरंत बाद 600 से ज्यादा देशी रियासतों का जिस बुद्धिमत्ता और दृढ़ता से भारत में विलय कराया, वह अपने आप में बड़ी मिसाल है। बेहद चुनौतीपूर्ण माने जाने के कारण ही इस दुष्कर कार्य को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी, जिसे उन्होंने वीपी मेनन के साथ मिलकर संभाला। इस बड़ी उपलब्धि के कारण उन्हें लौहपुरुष कहा गया। भारत सरकार एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के निदेशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला के विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। पदयात्रा में अनुमंडल पदाधिकारी अनीकेत सचान, कार्यपालक दंडाधिकारी मीनाक्षी भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अजुल कुमार चौबे, एसएस हाई स्कूल की प्रचार्या, विद्यार्थी सहित अन्य शामिल थे।

# चैंपियन बनी जेपीएस बालिका टीम का खलारी में स्वागत

**आजाद सिपही संवाददाता**



**खलारी।** सीबीएसई द्वारा बोकारो मे आयोजित ईस्ट जोन बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में खलारी के झारखंड पब्लिक स्कूल के चैंपियन बनने से खलारी में खुशी का माहौल देखा है। प्रतियोगिता में चैंपियन बनी टीम मंगलवार को ट्रेन के माध्यम से सुबह खलारी पहुंची। खलारी पहुंचने पर स्टेशन पर खलारी के ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी और खेल प्रेमियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। बालिका फुटबॉल टीम उनके कोच को माला पहनकर अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही उन्हें मिठाई भी खिलायी गयी। ईस्ट जोन प्रतियोगिता में टीम ने लखनऊ को हराकर यह जीत हासिल की है। टीम के चैंपियन बने पर झारखंड पब्लिक स्कूल के खेल शिक्षक गणेश महतो ने बताया कि प्रतियोगिता में हमारी टीम का काफी बेहतर प्रदर्शन रहा। पूरे प्रतियोगिता में टीम ने विपक्षी टीमों के खिलाफ 11 गोल दागे और बिना कोई गोल खाये टीम अजेय रही। जिसके लिए सीबीएसई के द्वारा नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए इस टीम को नॉमिनेट किया गया है। गणेश महतो ने कहा कि खिलाड़ियों में काफी जुनून भरा हुआ है जिससे भविष्य की संभावनाएं जुड़ी हुई हैं। इस टीम के खिलाड़ी भविष्य में ओलंपिक में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करेंगे । वही ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों का खलारी स्टेशन से लेकर मोहन नगर स्कूल प्रांगण तक विजय जुलूस के साथ लाया गया। स्कूल परिसर में प्रबंधक की ओर से सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। टीम के स्वागत के मौके पर विद्यालय के निदेशक अभिषेक चौहान, कृष्णा चौहान, मिथिलेश आनंद, सुनील सिंह, अशर्फी, आनंद, प्रेम, हरेंद्र, आनंद, मुन्नू, दशरथ, रामाशीष सहित कई लोगों मौजूद थे।

# सरना, ससनदीरी और जल-जंगल-जमीन को बचाना है, तो झामुमो को मजबूत करें: जुबैर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** खूंटी जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष और झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमदद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं गांवों और गरीबों के लिए चलायी जा रही हैं। झामुमो कार्यकर्ताओं और बीस सूत्री के अधिकारियों की जिम्मेवारी है कि जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। जुबैर अहमद मंगलवार को तोरपा में आयोजित तोरपा विधानसभा स्तरीय बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बैठक में तोरपा, कर्रा, रनिया और बानो प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यदि हमें अपने सरना, ससनदीरी, मसना, धर्म-संस्कृति और जल-जंगल और जमीन को बचाना है, तो हमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाथों को मजबूत करना होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें तोरपाा विधानसभा सीट से झामुमो को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से एक बार फिर सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। कोई भी व्यक्ति वहां जाकर आवास, पेंशन आदि के लिए आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई को हटाने के लिए हमें केंद्र से भाजपा को हटाना होगा।

बैठक को जिला परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया, नेली डहंगा, संतोष कर, शेख फिरोज, सुभाष कोनगाड़ी, संजय यादव, हेमंत गुप्ता, सानिका बोदरा, अमृत हेमरोम, रोबिन तोपनो, अरमान तोपनो, हेमंत तोपनो, मोजीर अंसारी, बिरजो कंडुलना आादि ने भी संबोधित किया। मौके पर राहुल केशरी, विजय सांगा, भोला नाथ लाल, बिनोद उरांव, अर्जुन मुंडा, शिशिर तोपनो, पुष्पा गुड़िया, अनास्तसिया आईंद, गिदराय डोडराय, संचालन सुशांति कोमगाडी, वीरेन, दीप्ति गुड़िया, देवनाथ माघईया, प्रदीप, सुहैल, उदय सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जानकारी के अभाव में योजना का लाभ नहीं ले पाते: सुदीप गुड़िया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य और तोरपा विधानसभा सीट से पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सदीप गुड़िया ने कहा कि राज्य कहा हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण गांव के लोग इनका लाभ नहीं ले पाते। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय या प्रखंड कार्यालय से योजनाओं की जानकारी लें और उनका लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास का आवंटन बंद कर दिया, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन कमरों के आबुआ आवास योजना का लाभ दे दिया।

# पांच परगना क्षेत्र में अफीम की खेती का बीज बड़े पैमाने पर डाला जा रहा

**स्वरूप भट्टाचार्य / रोहित राम**



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पूरे पांच परगना क्षेत्र में अफीम की खेती का बीज बड़े पैमाने पर डाला जा रहा है गांव जंगल देहातों में यह फसल कहीं-कहीं पौधा का रूप ले चुका है पानी का पटवन जारी है लोग हल्का धान को पहले ही काट लिए जहां अब अफीम का बीज डाला जा रहा है हार्डवेयर की दुकानों से छोटे कुदाल और कांटा कुदाल की बिक्री जोरों से है नशे का यह सामान अब धीरे-धीरे इस इलाके में व्यवसाय का रूप ले लिया है पुलिस प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी बेखबर बैठी है कुछ लोगों का आरोप है कि थानो से बात कर ही पोस्ता की खेती की जा रही है छोटी बड़ी नदियों के किनारे पहाड़ों और जंगलों में नशे की खेती चरम पर है करोड़ों का यह कारोबार इस इलाके में फल फूल रहा है अमीर बनने की ललक गरीबों को इस धंधे में धकेल रहा है गरीब सब कुछ निछावर कर इस धंधे में लगे है उत्तर प्रदेश बंगाल बिहार पंजाब के अफीम तस्कर पांच परगना इलाके में आकर चोरी छुपे इस धंधे में लगे हैं आदिवासी भाइयों को पूंजी देकर ये धंधा करवा रहे हैं अफीम के डंडे से डोडा बनती है बड़े-बड़े शहरों मे उसका पनी काटकर सिगरेटों में भरा जा रहा है जिससे नशे के सौदागर ने पूरे भारत को नशे के आगोश में ले रखा है पुलिस प्रशासन व सरकार इसे रोक पाने में विफल हैं गुप्त सूचना के आधार पर कभी कभार पुलिस एक दो गांव जाकर अपना कोरम पूरा करती है और आपसी मतभेद होने पर थाना को सूचना दिया जाता है और पुलिस एक दो केश करती है अन्यथा सब में समझौता हो जाती है खेतिहर की जमीन की उर्वरा शक्ति घट जाती है अब उसमें धान की अच्छी पैदावार नहीं हो पाती है जिससे लोग नासूर बनते जा रहे हैं अफीम के रोकने के इस कार्य में घर के सभी सदस्य लगे हुए हैं खासकर आदिवासी बहुल क्षेत्र में आदिवासियों को आने वाले भविष्य में दयनीय स्थिति होने की संभावना जतायी जा रही है इस कार्य में गांव की जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान अप्रत्यक्ष रूप से मदद कर रहे हैं सरकार ने एक आदेश जारी किया था कि जिस गांव में अफीम की खेती की जायेगी वहां के ग्राम प्रधान के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी लेकिन यह आदेश ठंडे बस्तों में दफन हो गयी है इस प्रक्रिया में टीन एज के लड़के बबार्दी के कगार में पहुंच गये हैं वर्तमान में पोस्ते की कीमत हजार से बारह सौ रुपये प्रति किलो चल रहा है और अफीम की कीमत डेढ़ से दो लाख रुपए बतायी जा रही है और डोडा की कीमत छः सौ से सात सौ रुपये बतायी जा रही है पांच परगना के अफीम तस्कर कोलकाता के बाजारों में इसकी दुगनी कीमत में बेच रहे हैं जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में एससी और एसटी फसते जा रहे हैं सरकार के तरफ से जल्दी इस पर कारगर कदम ना उठायी गयी तो यह इलाका नशे के आगोश में समा जायेगा।

## राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को अवसर पर बुंडू अनुमंडल कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो ने राष्ट्रीय एकता अखंडता को लेकर सभी अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता और उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा सरदार पटेल के आदर्श नीति से ही देश में आंतरिक सुरक्षा के साथ समृद्धि होगा। इस मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामचरण महतो, शिव शंकर महतो, आनंद राम महतो, रितेश, वासुदेव, अनूप जायसवाल, कल्पना राव, उत्तम भट्टाचार्य, संजय मुखर्जी, विष्णु, सतनारायण, राजकुमार, के अलावा बड़ी संख्या में कर्मचारी पदाधिकारी और अधिवक्ता गण मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के मुख्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



**बुडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोप्पो की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के मुख्य कार्यकर्ताओं के साथ एक आवश्यक बैठक हुई, बैठक में लक्ष्मण मुंडा, विष्णुपद महतो, आलोक दास, विवेक आनंद जायसवाल मृत्युंजय महतो, हरिहर महतो, जगदीश गुप्ता, मनोहर महतो, शामिल हुए। बैठक में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर किया गया। सबको मिलकर इस कार्य को सफल बनाना है ताकि लोकतंत्र के सबसे बड़ा अधिकार से कोई वंचित नहीं रहे। अंत में एसडीएम के धन्यवाद के साथ बैठक संपन्न हुआ।

## सरदार पटेल और इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी गयी

**तमाड़(आजाद सिपाही)।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस पर युवा कांग्रेस के तमाड़ विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने कहा कि इंदिरा गांधी आयरन लेडी के नाम से जानी जाती है। वो विश्व की शक्तिशाली महिला नेत्री थी। साथ ही उपस्थित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें भी याद किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी। मौके पर तमाड़ पश्चिमी रोशन कामती प्रकाश मुंडा आदि उपस्थित हुए।

## 94वीं बटालियन सीआरपीएफ ने किया फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को 94 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट राधेश्याम सिंह के निर्देश पर बटालियन द्वारा अपने जवानों तथा आम नागरिकों में देश को साफ-सुथरा और लोगों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वच्छ रखने के लिए फिट इंडिया स्वच्छता फीडम रन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बटालियन के जवानों द्वारा चार किमी की दौड़ का अयोजन किया गया। फ्रीडम रन में बटालियन के अधिकारियों, जवानों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर उत्साह के साथ हिस्सा लिया और और फिट इंडिया स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता फैलायी। इस अवसर पर इस बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्र और मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल सहित अन्य जवान उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**खूंटी(आजाद सिपाही)।** देशा की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहादत दिवस और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मौके में प्रदेश महासचिव और खूंटी जिला सह प्रभारी शादाब खान ने कहा कि आज के दिन जिस तरह खूंटी जिले में मरीजों के लिए खून की कमी है उसको ध्यान में रखते हुए युवा कांग्रेस ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मौके युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुणाल कमल, जिला उपाध्यक्ष शिवालु खान, जिला महासचिव सुमन जायसवाल, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष मो अख्तर, युवा कांग्रेस खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मो उस्मान खान, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, तोरपा विधानसभा अध्यक्ष माइकल, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मो नौशाद, रिया तेरी सहित कई अन्य मौजूद थे।

## उलिहातू को पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा : उपायुक्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू स्थित बिरसा ओडाः के प्रांगण में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में उलिहातू एक्शन प्लान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि उलिहातू के विकास को लेकर एक्शन प्लान के तहत सभी विभाग के अधिकारी अपने स्तर से कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू को पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, पेयजल, बिजली, रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र, पर्यटन विकास सहित विकास के आवश्यक अन्य मानकों पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास के सभी मानकों में उत्तरोत्तर सुधार करते हुए उलिहातू के समग्र विकास को सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि उलिहातू में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाय।

## लिड्स ने मीडिया कार्यशाला में दी प्रवासी मजदूरों के संबंध में जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लिड्स रिसोर्स सेंटर पेरका मुरहू, खूंटी में मंगलवार को एक दिवसीय मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन संस्था के अनुराग और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान लिड्स संस्था और प्रवासी मजदूर परियोजना के संबंध में अनुराग ने पीपीटी माध्यम से जानकारी दी। संस्था के ही प्रकाश और तिथि द्वारा डाटा सहित प्रवासी मजदूर के कार्य की जानकारी दी गयी। बताया गया कि लिड्स संस्था द्वारा लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है, उसका केस स्टडी प्रस्तुत कर जानकारी उपलब्ध करायी गयी। बताया गया कि विवभिन्न संचार माध्यमों से संस्था द्वारा जमीन स्तर से जुड़कर के लोगों के बीच अलग-अलग संस्थानो से लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहे हैं : विधायक

**562 छोटी बड़ी रियासतों को भारतीय संघ में विलीनीकरण करके राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करना इनकी सबसे बड़ी देन है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन करते हटिया विधायक नवीन जायसवाल और अतिथि।

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के प्रखंड परिसर में भारत देश की एकता के सूत्रधार प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। साथ ही राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी। समारोह का आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो और सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक नवीन जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में नवीन जायसवाल ने कहा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को हमलोग राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहे है। इन्होंने 562 छोटी बड़ी रियासतों को भारतीय संघ में विलीनीकरण करके राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करना इनका सबसे बड़ा देन है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की एकता के लिये कई तरह के जनहित की योजनाओं को लाया, जिसमे स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान योजना, किशोरी समृद्धि योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, हर घर नल जल योजना सहित योजनाओं का लाभ आम लोगो तक पहुंच रहा है। मौके पर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की फोटो प्रदर्शिनी लगाया गया, सरकारी मध्य विद्यालय और सेक्रेड मिशन उच्च विद्यालय के छात्रों के द्वारा आकर्षक गीत और नृत्य की प्रस्तुति की गयी। विद्यार्थियों के बीच रंगोली और चित्रांकन प्रतियोगिता हुई जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रचार पदाधिकारी शाहिद रहमान और संचालन ऐनुल अंसारी ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पदमश्री मधु मंसूरी, जिप सदस्य पूनम देवी, बीडीओ दीपाली भगत,सीओ राकेश कुमार, अखिल कुमार मिश्रा, केदार, बजरंग, चूड़ामनी महतो, जयगोपाल उरांव, शीला देवी, अफसाना खातून, हरि उरांव, प्रिंस कुमार सहित लोग उपस्थित हुए।

# सीएचसी जानेवाले रास्ते में हैं झाड़ियां, पोल पर लाइट नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय के बगल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाली सड़क के अगल-बगल में बड़ी-बड़ी झाड़ियां व घास उगने से राहगीरों को आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। साथ ही सड़क में लाइट नहीं होने से लोग रात में खासे परेशान है। इस सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए सड़क किनारे बढ़ चुकी झाड़ियों से प्रखंड प्रशासन अभी भी अनजान बना हुआ है। जबकि सड़क के किनारे की पूरी जगह से झाड़ियों से ढक चुके हैं जिसके चलते इस रास्ते से आने-जाने वाले वाहन चालकों को खासकर रात के समय काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण प्रखंड कार्यालय के बगल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली सड़क में झाड़ियां व अंधेरा कायम हैं। ऐसे में अंधेरी सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होने के बाद सीएचसी जाने में अंधेरे के कारण मरीजों व स्वजनों को डर लगता है। रास्ते में लाइट खराब होने के कारण रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में अस्पताल जाने वाली महिलाएं आए दिन हादसे का शिकार होती रहती हैं। बेड़ो लोहरदगा मार्ग से सीएचसी तक जाने में पूरे रास्ते की लाइट खराब है। जहां शाम ढलते ही इस रास्ते में अंधेरा छा जाता है। इस सड़क में कई बिजली के पोल गड़े हुए है पर किसी भी पोल में लाइट नही जलती है। खासकर बुजुर्ग व महिलाओं को शाम में इस रास्ते से होकर गुजरने में परेशानी होती है। इस सड़क में अंधेरा होने से कई बार लोग दुर्घटना, छेड़खानी और छिनतई का शिकार भी हो चुके हैं।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददता



**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय की एनएसएस समिति ने मंगलवार को वाईबीएन विश्वविद्यालय रांची में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर डिबेट कार्यक्रम का आयोजन कर जयंती मनाई। डिबेट प्रतियोगिता में 6 ग्रुप में करीब 52 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें सुधांशु और ग्रुप प्रथम एवं राजकुमार ग्रुप को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव ने कहा कि आज पूरे देश में सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आजादी के बाद भी भारत 562 प्रान्तों में बंटा हुआ था और इन सभी प्रान्तों रजवाड़ों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य सरदार पटेल ने किया। कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीराम दुबे ने कहा कि परिवार की एकता से समाज की एकता, समाज की एकता से राष्ट्र की एकता का निर्माण होता है। आयोजन को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, ई० कौशल किशोर, एनएसएस कार्यक्रम कार्यालय डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ सुमन कुमारी, एनएसएस सदस्य डॉ सुभाशीष सिन्हा, सुरुचि गुप्ता, बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कैलाश नाथ सिंह का अहम योगदान रहा। मौके पर बीएड एवं फामेर्सी के समस्त फेकल्टी और विधार्थीगन मौजूद थे ।

# बेड़ो : दो घरों में चोरी, नकदी और जेवर ले गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड के कृष्णा कॉलनी में रहने वाले व्यवसायी सुभाष खन्ना व आर्मी के जवान रतन प्रसाद साहू के घरों में चोरों ने मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी कर ली। चोरों ने सुभाष खन्ना के घर से जेवर व 10 हजार नगदी लेकर फरार हो गये। व्यवसायी ने बताया कि वे सुबह अपने दुकान गए थे।पत्नी व बच्चे स्कूल गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर चोर उनके घर में चहारदिवारी फांद कर जा घुसे। चोरों ने पहले खिड़की के ग्रिल को तोड़ने का प्रयास किया था। इसके बाद चोरों ने ताला तोड़कर घर की आलमीरा में रखे सोने,चांदी के जेवरातों के अलावा 10 हजार की राशि रुपए लेकर फरार हो गए। उन्होंने ने बताया कि दोपहर दो बजे जब वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ में वे जब अपने घर पहुंचे तो घर के दरवाजे में लगे ताले टूटे मिले। साथ ही अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे। आलमीरा का लॉक भी टूटा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे नकद रुपये,लाखों रुपए सोने की जेवरात व अन्य सामान चुरा कर ले गए। वहीं चोरों ने सुभाष के पड़ोसी रतन के घर को भी निशाना बनाया। रतन ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ सुबह में सोनमेर मंदिर गए थे। वह दोपहर में जब घर आए तो ग्रिल में लगा ताला टूटा था। घर के अंदर जाकर देखा तो सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। कमरे में रखी अलमारी व बक्सा से सोने व चांदी के जेवर गायब थी। उन्होंने कहा कि चोरों ने कमरे को पूरी तरह से खंगाला और घटना को अंजाम दिया। इधर कृष्णा कॉलनी में हुई इस चोरी की वारदात के बाद बेड़ो वासियों में दहशत व्याप्त है। इस घटना में नगदी समेत लाखों रूपयों के जेवर की चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी 22 जून 2023 को राजू जयसवाल के घर में भी चोरी हुई थी। इधर सूचना मिलते ही बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरगांवा पंचायत भवन में मंगलवार को इंदिरा गांधी के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के निदेर्शानुसार एवं जिला प्रभारी देव शर्मा के अगुवाई में रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस ने रेड क्रॉस सोसाईटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप में प्रभारी देव शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर और भी स्वस्थ्य रहता है। साथ ही साथ रक्तदान दूसरों की जीवन में खुशहाली लाने का काम भी करता है। आज इंदिरा गांधी की शहादत दिवस पर रक्तदान करने पर हम सब गौरवान्वित महसूस कर रहे। रांची जिला के युवा ग्रामीण अध्यक्ष अमरनाथ मुंडा, रिषु कुजूर, ग्रामीण उपाध्यक्ष विश्वानाथ मुंडा, सिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विशाल रजक, खिजरी विधानसभा अध्यक्ष हिमांशु कुजूर, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष विशाल कुमार स्वासी, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष सावन मिंज, रांची ग्रामीण सचिव ओलीभ के साथ अन्य युवा साथी ने रक्तदान किया। मौके पर ग्रामीण युवा सचिव संतोष, महासचिव अरुणा, सुरेश के साथ अन्य युवा साथी मौजूद थे।

# सीआइटी में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर मंगलवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारत के लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें याद कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपनी भागीदारी की शपथ ली। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरशद उस्मानी ने देश की एकता और आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्य बनाने में सरदार बल्लभ भाई की दूरदर्शितापूर्ण भूमिका पर चर्चा की। वहीं, ओएसडी डॉ पीएस शर्मा ने उनके गौरव पूर्ण व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ के अलावे एनएसएस एवं उन्नत भारत अभियान इकाई के डॉ मुकेश साहू, प्रो. प्रशांक मनी, प्रो. आर के राणा, प्रो अनवर आलम प्रो अब्दुल रज्जाक मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन प्रो स्वेता सोनाली ढाल व धन्यवाद ज्ञापन प्रो दीपक कुमार वर्मा ने किया।

# जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान के द्वारा स्वर्ण रेखा फुटबॉल मैदान सिकीदिरी में 100 खेलों के खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस खेल महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी के द्वारा की गई। सर्व प्रथम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण, वृक्षारोपण एवं फीता काटकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूवात की गयी। साथ ही पूर्व राज्य स्तरीय ऐथलीट निर्मल करमाली, राष्ट्रीय तैराक अमन जायसवाल एवं कृष्ण कुमार सिन्हा को मोमेंटो देकर सम्मनित किया । मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने अपने संबोधन में संस्थान की प्रसंशा करते हुए कहा कि इस तरह के अयोजन से क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को एक प्लेटफार्म मिलेगा, साथ ही सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। विशिष्ट अतिथि चाणक्य एकेडमी के शिक्षक और रांची जिला बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष अजय साहा, अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, समाजसेवी आशीष प्रसाद साहू, हरातू मुखिया राजेंद्र बेदिया, पूर्व मुखिया भानु देवी, राजेश पाहन, विजय, थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, और एस आई अरूण कुमार सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत कुमार और संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, खेल सह प्रभारी रोहित क्षेत्री, बालिका की मुख्य कोच पिंकी, कुंती देवी, संदीप कुमार वर्मा, संजय राणा, भोला करमाली, रवि करमाली आदि मौजूद थे।

# आदिवासी जमीन बचाओ अभियान की शुरुआत ओरमांझी से होगी: रमेश उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** चकला पंचायत सचिवालय के सभागार में रांची जिला के विभिन्न आदिवासी संगठनों की बैठक की गयी । बैठक में आदिवासी जमीन बचाओ अभियान की शुरूआत ओरमांझी प्रखंड से करने की बात कही गई। इस अभियान की शुरूआत 3 नवंबर से होगी। अभियान में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में आदिवासियों को भाग लेने का आग्रह किया गया। आदिवासी जमीन बचाओ अभियान का मुख्य एजेंडा आदिवासी खतियान को इस्तीफा दिखाकर गैर आदिवासी जमीन बनाने को रोकना, सादा पट्टा से आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगाना, सामाजिक धार्मिक जमीन जैसे पहनैई, मुंडाई पुजार, महतोई, कोटवारी डाली कटारी भंडारी जतरा स्थल, सरना, मसना देशावाली, को सरकार चिन्हित कर रक्षा करने की मांग, भूईहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर खरीद बिक्री पर रोक लगाना, लंबित दखल-दि हानी दिलाना, NIC द्वारा ऑनलाइन में गड़बड़ी को रोकना , अंचल द्वारा खतियान जमीन को ऑनलाइन नहीं करने के खिलाफ आंदोलन करना, आदिवासी लोहरा जमीन का खतियान लोहार जमीन को जनरल जमीन बनाकर खरीद बिक्री पर रोक लगाना, गैर मजरूआ जमीन को फर्जी कागज बनाकर बेचने पर रोक लगाना, आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता को खत्म करना, रिकॉर्ड रूम से बहुत से मौजा का खतियान फाड़ दिया गया है इसकी सीबीआई जांच की मांग, एस0आर0कोर्ट द्वारा आदिवासी जमीन का गलत कंपनसेशन का सीबीआई जांच कराई जाए। एस0आर कोर्ट को सशक्त बनाया जाए। आदिवासी जमीन की लूट से बचाने को उच्च स्तरीय जांच कराई जायेगी। आदिवासी जमीन बचाओ अभियान में रांची जिला के कई आदिवासी समाज के संगठन के और आदिवासी नेता शामिल रहेंगे। यह जानकारी झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी रांची के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव के द्वारा दिया गया।

# वॉक फॉक डायलेक्सिया रैली का आयोजन



**राहे (आजाद सिपाही)।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत अधिगम अक्षम वाले बच्चों की पहचान के लिये कन्या मध्य विद्यालय राहे के छात्र छात्राओं के द्वारा वॉक फॉक डायलेक्सिया रैली का आयोजन राहे में किया गया। वॉक फॉक डायलेक्सिया के सम्बंध में जानकारी देते हुये रिसोर्स शिक्षक सतेन्द्र महथा ने बताया की कुछ बच्चों को लिखने के समस्या,गणितीय समस्या या फिर अक्षरों की पहचान की समस्या हो तो अधिगम अक्षमता के लक्षण होते हैं, वैसे बच्चों की पहचान करना कार्यक्रम का उद्देश्य है ।कार्यक्रम में बीपीओ प्रवीण कुमार, प्रखंड साधन सेवी श्यामा गौरी यादव ,सावित्री कुमारी, स्कूल के शिक्षिका आशा देवी, हेमलता कुमारी, निर्मल सिंह, नीलम कुमारी सहित छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

# आवारा कुत्तों के आतंक से पर्यटकों में भय का माहौल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध हुंडरू जलप्रपात पर्यटन स्थल मे इन दिनों आवारा कुतो का झुंड घुमने से फॉल में आने वाले पर्यटक व ग्रामीण काफी परेशान है। विदित हो कि आवारा कुतों का झुंड ने मंगलवार को छः पर्यटकों को काटा वहीं हुंडरू गांव मे दर्जनो बकरीयो को अपना शिकार बना चुका है। आवारा कुतों से स्थानीय दुकानदार सहित ग्रामीण काफी परेशान है। जिसकी जानकारी राजकिशोर प्रसाद ने दी।

# रातू तिलता से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में बाइक व वाहन चोर गिरोह काफी सक्रिय हो गये। चोर आये दिन बाईक की चोरी कर फरार हो रहे है। लोग अब बाईक खड़ा कर कहीं जाने से भी डर रहे है। लाख प्रयास के बाद भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर है। रविवार को चोरो ने सिमलिया रिंग रोड के पास घर के आंगन में खड़ी एक स्कॉर्पियो की चोरी कर दलादिली को ओर फरार हो गये थे। उसके दूसरे ही दिन सोमवार की रात 8 बजे रातु तिलता स्थित अमित इंटरप्राइजेज शो रूम के बाहर खड़े यामहा कंपन्नी की बाईक आर 15 जेएच01ईबी-0630 की चोरी कर फरार हो गये। शो रूम के लोगो ने चोरो का पीछा भी किया परंतु चोर तिलता ब्रिज होते हुये दलादिली की ओर फरार हो गये। चोरी की सारी वारदात शो रूम में लगे सीसी टीवी फुटेज में कैद हो गई। मामले को लेकर अमित ने रातु थाने में चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस चोरो की तलाश में जुट गई है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को सीआरसी रांची एसवीनिरतार दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस (राष्ट्रीय एकता दिवस) जयंती को रन फार यूनिटी कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन सीआरसी रांची के निदेशक जितेंद्र ने की। मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में यह दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कहा कि उन्हें भारत की सिविल सेवाओं के ह्यसंरक्षक संत और ह्यभारत के लौह पुरुष के रूप में भी जाना जाता है। कार्यक्रम रांची के ऐतिहासिक मैदान मोराबादी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सर्व राजेश, सचिव-दिव्यांगजन सशक्तिकरण भारत सरकार कृपा नंद झा, सचिव- महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा झारखंड सरकार, राहुल, उपायुक्त-रांची अभय नंदन अंबष्ठ, अपर सचिव-महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा झारखंड सरकार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम मे आये लगभग 300 दिव्यांगजन, कार्य कर रही संस्थाओं के पदाधिकारी, अभिभावकों व अधिकारियों को संबोधित करते हुये भारत सरकार के सचिव राजेश ने कहा कि दिव्यांगजनों को भी एस दिवस पर पूर्ण रूप से परिवार व समाज मे एकीकृत करने का संकल्प लेना चाहिये और इसे चरितार्थ भी किया जाना चाहिये। राहुल सिन्हा उपायुक्त रांची ने दिव्यांगजनों की सेवाओ के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की और सचिव द्वय का स्वागत किया।

## जयंती पर याद किये गये सरदार पटेल, बच्चों को देश की एकता और अखंडता के लिए दिलायी गयी शपथ

# सरदार वल्लभ भाई पटेल हर भारतीयों के लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक थे: डॉ अमर चौधरी

आजाद सिपाही संवाददता



**अनगड़ा।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में मंगलवार को देश की एकता और अखंडता के प्रतीक आधुनिक भारत के शिल्पकार महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। मौके पर स्कूल के निदेशक डॉ अमर कुमार चौधरी, सचिव डॉ कुमूदकला मेहता, प्राचार्य एडवर्ड लुगून, शिक्षक-शिक्षिका सहित बच्चों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कक्षा 9 के चेतन गोस्वामी व वैदही कुमारी नें पटेल जी के जीवन के बारे में तथा कक्षा 6 की दिव्या कुमारी एवं कक्षा 4 के सुर्दशन प्रमाणिक नें कविताएं प्रस्तुत की। इसके अलावा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं कक्षा 9 के छात्र अपूर्व जायसवाल नें बच्चों को देश की एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई। मौके पर डॉ अमर कुमार चैधरी ने कहा कि भारत की एकता को बनाए रखने के लिए सरदार पटेल नें अनेक काम किए। उन्होंनें स्वतंत्रता के पश्चात 565 रियासतों को भारत संघ में मिलानें की अहम भूमिका निभाई थी। सरदार पटेल हर भारतीयों के लिए पथ प्रर्दशक व मार्गदर्शक थे। उनकी देश भक्ति और कर्तव्यपरायण के कारण भारत सदैव उनका ऋणी रहेगा। डॉ कुमूदकला मेहता ने कहा कि अपने अटल इरादों से देश के अनेक छोटी-छोटी रियासतों में बटें भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाले आधुनिक भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल का देश सदा ऋणी रहेगा। अपने मजबूत इरादों के कारण हीं लोग उन्हें लौह पुरूष के रूप मे जानते और पुकारते हैं। इस मौके पर प्राचार्य एडवर्ड लुगून ने भी सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त लोगों को दी गयी विदाई



**इटकी (आजाद सिपाही)।** यक्ष्मा आरोग्यशाला इटकी के सेवानिवृत फर्माशिष्ट सह भंडार पाल श्रीचंद यादव और प्रखंड मुख्यालय के सेवानिवृत जनसेवक सह प्रधान लिपिक को अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गयी। मंगलवार को आरोग्यशाला के सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते वक्ताओं ने श्रीचंद यादव का आरोग्यशाला में लगातार 33 वर्षों की सेवा काल में उनके द्वारा की गई उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा की गई साथ ही सेवानिवृत के बाद उनके बचे जीवन में खुशहाली एव स्वास्थ्य जीवन की कामना कि गयी। इस दौरान उन्हें आरोग्यशाला प्रशासन और कर्मचारियों द्वारा कई उपाहार भेंट किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्वास्थ्य उप निदेशक डा० रंजीत प्रसाद, अधीक्षक पीके भगत, पूर्व उपाधीक्षक डा0 शकील अहमद, डा0 रेणू तिर्की, डा0 नमार्ता सिंह, डा0 आर्या कुमार, डा0 शकील जमाल, डा0 सिंकू, डा0 प्रभात कुमार, डा0 नसीम, रुपेश कुमार यादव, नर्स निमार्ला, स्वेता, प्रिय रंजन, आरयन कुमार, राकेश गोप सहित दर्जणो अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। इधर इटकी प्रखण्ड मुख्यालय में कई उपाहार देकर सम्मानित किया गया।

## पलामू की धरती पर सीएम का हुआ जोरदार स्वागत

# ऑफर लेटर पाकर खिले युवाओं के चेहरे

**चियांकी हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया**

**प्रमंडलीय आयुक्त समेत तमाम अफसर रहे मुस्तैद**

रामप्रकाश तिवारी



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मंगलवार को पलामू की धरती पर जोरदार स्वागत किया गया। चियांकी हवाई अड्डे पर उतरने के तत्काल बाद प्रमंडलीय आयुक्त के नेतृत्व में अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे। दोनों मंयोंत्र का प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल और उपायुक्त शशि रंजन आदि ने स्वागत किया। हवाई अड्डा पर उक्त पदाधिकारियों के अलावा मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित थे।

हवाई अड्डा से मुख्यमंत्री सीधे पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचे, जहां उन्होंने दीप जलाकर पलामू प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग के नियोजनालयों में निबंधित बेरोजगारों और कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षित युवाओं को ऑफर लेटर सौंपा। बिरसा योजना अंतर्गत झारखंड कौशल विकास मिशन के तहत संचालित विभिन्न कौशल विकास केंद्रों से प्रशिक्षित युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया। ऑफर लेटर पाकर युवाओं के चेहरे खिल गये थे। उन्होंने कहा कि अब उनका जीवन पटरी पर आ गया है। यह हेमंत सरकार की देन है। इस सरकार ने उनका भविष्य सुरक्षित कर दिया है।

### सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। इस कार्यक्रम की व्यवस्था में आयुक्त मनोज जायसवाल, पलामू जोनल आइजी राजकुमार लकड़ा, डीसी शशि रंजन, पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने खुद मोर्चा संभाल रखा था।

### जेएसएलपीएस की दीदियां भी हुई शामिल

प्रखंडों से जेएसएलपीएस की दीदियों को प्राइवेट स्कूल बसों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाया गया। ये दीदियां कार्यक्रम में उत्साह से शामिल हुईं।

## सरदार ने देश को एकजुट किया, एकता की बदली परिभाषा



**मनातू (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। प्रखंड मुख्यालय समेत सभी आंगनबाड़ी केंद्र में यह आयोजन हुआ। इसमें आंगनबाड़ी सेविका, सुपरवाइजर, बच्चे ने भाग लिया। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर गुलशन आरा ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एकजुट किया। उन्होंने एकता की परिभाषा ही बदल दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। साथ ही सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि सरदार पटेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का जो सपना देखा था, उन्होंने उसे साकार किया। समृद्ध भारत में हम सभी नागरिक अपने आप को सशक्त महसूस कर रहे हैं। इसका पूरा श्रेय सरदार पटेल को जाता है। साथी उन्होंने कहा कि मनातू प्रखंड में 97 आंगनवाड़ी केंद्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाया गया ।

## विश्रामपुर नगर परिषद ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**बिश्रामपुर (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम मे देश के दोनो महानविभूतियों को नमन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि हमे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों-सिद्धांतों को अपने जीवन में अंगीकृत करना चाहिये। कार्यक्रम के दौरान नप अधिकारियों और कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता,अखंडता और सुरक्षा का शपथ दिलाया गया। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,प्रभात कुमार सहित सभी नप अधिकारी कर्मचारी और स्वक्षता मित्र मौजूद थे।

## पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के दूरदर्शन केंद्र में सोमवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने दूरदर्शन परिसर में हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते हुए कहा कि मानवीय भूलों के कारण धरती के कई जीव समाप्त हो गए वहीं कई समाप्ति के कगार पर हैं। आज आधुनिक सुख सुविधाओं से खतरा बढा है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल सोमवार को दूरदर्शन में पर्यावरण बचाने की मुहिम पर अपना संदेश दिया है जिसका रिकॉर्डिंग वहां किया गया है। इस अवसर पर दूरदर्शन और आकाशवाणी के कर्मचारियों में अनुज कुमार सिंह, सायंतन चक्रवर्ती, मोहम्मद अजीम, धर्मेंद्र मेहता, महेंद्र पंडित विश्वजीत कुमार, श्याम किशोर पांडेय, बिरथ कुमार आदि शामिल थे।

**सीबीसी डालटनगंज ने राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस के मौके पर लेस्लीगंज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया**

## सरदार पटेल की वजह से अखंडित है देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन नीलांबरपुर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में किया गया। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों के द्वारा पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। इसके उपरांत सीबीसी डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर द्वारा अतिथियों का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विषय प्रवेश कराते हुए श्री पुष्कर ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने में सरदार पटेल की भूमिका अतुलनीय है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ाना और देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के तार पर उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी सहायजी के वंशज विंध्याचल प्रसाद को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अतिथि के तौर पर मौजूद कोट पंचायत की मुखिया जूली सिंह, सदर लेस्लीगंज की मुखिया रेखा देवी और कुराइन पतरा की मुखिया पूनम देवी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह ने दो दिनी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का समुचित विकास होता है। कार्यक्रम के सफल संचालन में क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत**

प्री प्रोग्राम के तहत विद्यालय में दिनांक 30 अक्टूबर को क्विज, रंगोली, पेंटिंग्स, वॉलीबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन सभी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**एकता रैली निकाली गयी**

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय एकता रैली निकाली गयी, जो गांधी चौक से होते हुए वापस स्कूल प्रांगण तक आई। रैली की शुरुआत अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर की।

**कलाकारों ने नाटक और गीत से मोहा मन**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में निजी पंजीकृत दल मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा एकता दिवस से संबंधित गीत जवान होड्ढ. छोड़ धर्म हिन्दू-मुसलमान, आओ हिन्दू भाईयों आओ मुस्लिम भाईयोंड्ढ.एवं इससे संबंधित नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

## पलामू में हो रहा है महिला एशियन चैंपियंस ट्राफी प्रतियोगिता का प्रसारण

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी देखने की व्यवस्था की गई है। बिना टिकट और बिना किसी शुल्क के दर्शक मैच का आनंद ले सकेंगे। कोयल रिवर फ्रंट पर मरीन ड्राइव के साथ मैच का आनंद लिया जा सकता है। हॉकी में रूचि रखने वाले दर्शकों की भीड़ भी लग रही है। विदित हो कि पलामू जिला प्रशासन के सहयोग से प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय की ओर से झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्राफी 2023 का लाइव प्रसारण किया जा रहा है। हॉकी का लाइव प्रसारण देख दर्शक काफी मनोरंजन कर रहे हैं। उप निदेशक जनसंपर्क आनंद ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। झारखंड राज्य के लिए यह सुनहरा अवसर है। पूरी दुनिया में शहरों की पहचान इस बात से होती है कि सार्वजनिक स्थानों पर खेल संस्कृति एवं साहित्य से संबंधित कार्यक्रम किस आयोजित किये जाते है। हॉकी मैच का लाइव प्रसारण दिखाया जाना इस बात की पहल है कि लोगों की मांग होगी, तो शहर के सार्वजनिक स्थानों पर स्वस्थ मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा फिल्म शो आयोजित किये जा सकेंगे।

**हुसैनाबाद में मनायी गयी सरदार पटेल की जयंती**

## एकीकृत भारत के निर्माण में सरदार पटेल की महती भूमिका: संजय यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद पटेल विचार मंच के तत्वधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती मनायी गयी। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव,समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, डॉ0 एजाज आलम, पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी, रामेश्वर राम, राजद प्रवक्ता राज अली, सूर्यनाथ पासवान, राजकुमार कश्यप, उमा देवी, गौतम पटेल सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण किया। मौके पर राजद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि आज जो भारत देख रहे है, उसे निर्माण करने में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का अभूतपूर्व योगदान है।उन्होंने कहा कि पटेल जी की जीवनी से हम सभी को सिख लेने की जरूरत है। मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का विचार देश और समाज के लिए प्रासंगिक है। मौके पर बिमलेश कुमार सिंह,सुदेश्वर पासवान ,कमाख्या नारायण सिंह, शक्ति पासवान, दिनेश पासवान आदि मौजूद थे। इस अवसर पर विभागीय निर्देश के अनुसार कई शिक्षण संस्थानों में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के राजकीय मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, पुष्पा कुमारी, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, एके सिंह कॉलेज में एनएसएस पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने शपथ दिलाई। एनएसएस स्वयंसेवको ने पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर कालेज के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के पंचायत स्वयंसेवकों ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के ब्लॉक रोड स्थित पंच सरोवर मंदिर पार्क परिसर में पंचायत स्वयंसेवको की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद इकाई के अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने किया।ब ैठक में स्वयंसेवको की चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर चर्चा की गई।संघ के आह्वान पर आगामी 7 नवम्बर को नंग -धड़ंग प्रदर्शन पर रणनीति बनाई गयी। निर्णय लिया गया कि जबतक मांगे पूरी नही कर ली जाती आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से सुधीर कुमार,राकेश कुमार,अमित कांत सिंह, बिक्रम कुमार रंजन, प्रकाश कुमार वर्मा, हर्मेन्द्र कुमार सिंह,सविता सिंह, सतेंद्र कुमार ठाकुर, ममता कुमारी,हेमशीला कुमारी, अक्षय कुमार, दीपक कुमार सिंह, सत्यवन्त पाल, बिजेंद्र कुमार सिंह, बहादुर पासवान समेत कई अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

## पटेल जयंती पर नवोदय विद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय जपला द्वितीय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन व शपथ दिलायी गयी। रन कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर से की गयी जो मेहदीनगर, सैदाबाद, जपला रेलवे स्टेशन आदि जगह होते हुये विद्यालय परिसर पहुंचे। जहां प्राचार्य अशहर रूमी ने बच्चों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के एकीकृत भारत का सपना सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देखा था। उनके ही अनवरत प्रयास का परिणाम है की छोटे छोटे राज्यों को एक संघीय ढांचा में एक ध्वज के नीचे भारत गणराज्य का निर्माण किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अभिषेक सिंह, रामकेश मीणा, नितीन कुमार पाण्डेय, अशमुनी प्रसाद, नसीम मल्लिक, सुनील कुमार, जया दत्ता आदि मौजूद थे।

**स्पोर्ट्स**



**पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया**

# पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोलकाता।** पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 4 हार के बाद जीत हासिल की है। टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने 205 रन का टारगेट 32.3 ओवर में 3 विकेट खोकर चेज कर लिया। ओपनर फखर जमान ने 81 और अब्दुल्लाह शफीक ने 68 रन की पारियां खेलीं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 45.1 ओवर में 204 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने 3-3 विकेट लिए। इस जीत से टीम 7 मैचों में से 3 जीत और 4 हार के बाद 6 अंकों के साथ सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। टीम को 2 मुकाबले और खेलने हैं। जिन्हें जीतने की स्थिति में टीम 10 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर फिनिश कर सेमीफाइनल खेल सकती है। दूसरी ओर बांग्लादेश छठी हार के बाद निचले पायदान पर है। बचे मैच जीतने की स्थिति में बांग्लादेश के 6 अंक हो सकते हैं, जबकि टेबल में 4 टीमें 8 अंक तक पहुंच चुकी हैं। ऐसे में बांग्लादेश बाहर हो गई हैं। पाकिस्तान ने पावरप्ले में मजबूत शुरूआत की। टीम ने लाइनअप में बदलाव किया और इमाम उल हक की जगह फखर जमान को ओपनिंग का मौका दिया गया। ओपनर्स ने छोटे टारगेट को देखते हुए धीमी शुरूआत की। पहला ओवर 6 रन का रहा। इसमें बांग्लादेश ने रनआउट चांस मिस किया। फिर पाकिस्तान ने लगातार 2 ओवर मेडन निकले। चौथे ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने 10 रन का ओवर दिया। टीम ने यहां से गति पकड़ी और लगातार कम से कम 5 रन के ओवर निकाले। पाकिस्तानी ओपनर्स ने हर ओवर में बाउंड्री स्कोर की और अटैकिंग अप्रोच रखी। 10 ओवर में टीम ने 52 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और वसीम जूनियर ने 3-3 विकेट लिए। हारिस रऊफ को 2 विकेट मिले। इफ्तिखार अहमद और उसामा मीर को एक-एक विकेट मिला।

## हरिहरगंज में गर्भवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित रमेश राम के घर में रहने वाले किराएदार रामदीप कुमार राम की 19 वर्षीय पत्नी प्रिया कुमारी ने सोमवार की रात साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतका पति ने इस घटना की सूचना हरिहरगंज थाना को दिया। सूचना मिलते ही एसआई अनूप कुमार, रेणुका टुडू घटनास्थल पर जाकर शव को कब्जा में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का पति औरंगाबाद जिला के अंबा थाना अंतर्गत कसौटी गांव का रहने वाला है। वह लगभग एक वर्ष पहले प्रिया कुमारी से लव मैरिज किया था। साथ ही हरिहरगंज में किराया के मकान में रह कर मजदूरी करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को देर से घर लौटने की बात पर पति-पत्नी में कहा सुनी हुई थी। इससे नाराज होकर कमरा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली।

## हजरत अजीज शाह बाबा के मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

# सभी धर्मों के लोगों का आपसी मुहब्बत देख दिल खुश हो गया : हफीजुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोयाबाद।** लोयाबाद हजरत अजीज शाह (र०अ०) के उर्स के चौथे रोज जश्ने चादर पोशी का आयोजन हुआ। चादर हिन्दल वली ख्वाजा गरीब नवाज व दिल्ली महबूब इलाही हजरत निजाम उद्दीन की बारगाह की थी।गाजे बाजे व कव्वाली के साथ चादर जुलूस के साथ सैकड़ों लोगों ने लोयाबाद क्षेत्र का भ्रमण किया। चादर जुलुस में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजूल हसन व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। दिल्ली व हरियाणा के गुड़गांव एवम धनबाद जिला के लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में कई लोग शामिल हुए। चादर पोशी जुलुश निकालने से पहले सभी मेहमानों को पगड़ी बांध और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। सभी ने बाबा के प्रति आस्था व्यक्त की। इस जश्ने चादर पोशी में मुख्य आयोजक सोहराब ने कहा कि आने वाले सभी श्रद्धालु के लिए बाबा के मजार पर लंगर इंतेजाम किया गया है। सोहराब ने कहा कि यह चादर 36 बेरादरी की है। इस चादर में सभी धर्मों के लोग मेरे सहयोगी है। दिल्ली व गुड़गांव से शामिल हुए मेहमान अनिल नंबरदार व कैप्टन राकेश व अबु अजीज खान ने कहा कि यह आयोजन कौमी एकता की मिशाल है यहां के लोग काफी मिलनसार है। हम सब इस आयोजन में शामिल होकर गर्व महसूस कर रहे है। इस पूरे आयोजन के दौरान कव्वाली का दौर भी चलता रहा। बच्चे, बूढ़े व महिलाएं भी इस आयोजन की हिस्सा बनीं।चादर पोशी के बाद देर शाम तक खानकाही कव्वाली के धुन पर लोग सराबोर होते रहे।

### देश मे इसी तरह अमन व शांति बनी रहे: जलेश्वर

जलेश्वर महतो ने कहा कि यह बढियां आयोजन है। बाबा के प्रति हमारी गहरी आस्था है इसी लिए मैं हर साल मैं आता हूं, इसबार मंत्री जी भी आये। देश मे अमन व शांति बनी रहे, यही प्रार्थना है।

### सबने की प्रशंसा

राम रहीम की जोड़ी के नाम से मशहूर राजकुमार महतो व असलम मंसूरी, झामुमो के लखी सोरेन, मन्नू अलाम, अजमूल अंसारी, कांग्रेस के शमशेर अलाम ने कहा कि ऐसे सांप्रदायिक सौहार्द वाले आयोजन में शामिल होना सौभय की बात है। यह देश साधु, सन्तो ,पीर फकीर का है। यहां से लगाव रखने वाले नफरत कि बाते नही कर सकते है। इस तरह के आयोजन से आपस मे मुहब्बत का पैगाम पहुचता है। चादरपोशी में सुखदेव विद्रोही, विकास सिंह, डब्लू आलम, राम सिंह, बिजेंद्र पासवान, सोहन महतो, राजेन्द्र पासवान, डब्लू पासवान, आजाद मुखिया, मंसूर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मंत्री का जोरदार स्वागत

चादर पोशी में शिरकत करने पहुंचे मंत्री हफिजूल हसन व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो का जोरदार स्वागत हुआ। अजीश शाह बाबा का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी लोग इस आयोजन से उत्साहित दिखे। लोयाबाद थाना प्रभारी राजन राम सहित अन्य पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

## हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का सालाना उर्स, कव्वाली का आयोजन



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद ईदगाह के पास चल रहे कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक के मौके पर सोमवार की रात आयोजित कव्वाली का मुकाबला कव्वाल कैफ खान और खान भारती के बीच हुआ। दोनों कव्वालों ने हमद, नात, गजलों व देश भक्ति के नगमें सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह तक श्रोता डटे रहे और कव्वाली का आनंद उठाते रहे। खान भारती कव्वाल ने 'क्या बताएं तुम्हें क्या है अजमेर में, हम गरीबों का काबा है अजमेर में। रात दिन सोचिए जिंदगी बेहतर बने, लेकिन ये जिन्दगी का कोई भरोसा नहीं। दुश्मनी की तो क्या पुछिऐ,दोस्ती का कोई भरोसा नहीं।वहीं कव्वाल कैफ खान ने गिड़गिड़ाएं नहीं हमद व सना से मांगी, भीख हमने जो मांगी खुदा से मांगी। बहती है प्रेम की गंगा बहने दो, क्यों करते हो देश में दंगा रहने दो, वफादारी वतन से हो इसलाम कहता है, हम अपने दिल में हिंदुस्तान रखते हैं। हिंदू मुस्लिम सीख इसाई सब का नारा है,यह भारत देश हमारा है। दोनों युवा कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर श्रोताओं का मनमोह लिया। जब तक कव्वाली खत्म नहीं हुई श्रोता लुत्फअंदोज होते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महामंत्री मो असलम मंसूरी, शाहरुख खान, सिकंदर ए आजम, कमरे आलम, निसार मंसूरी आदि लोग सक्रिय थे।

## सावधान : बाजार में बिक रहा है नकली काला नमक, बन सकता है कैंसर का कारण

# प्रतिबंधों के बावजूद छुपाकर चल रही नमक की फैक्ट्री

**आजाद सिपाही संवददाता**



**महुदा।** बाघमारा के कपुरिया क्षेत्र में ओपी से महज कुछ ही दुरी पर कृष्णापूरी, दुखीतडीह, बांस कपुरिया क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नकली काला नमक बनाने का अवैध फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। फैक्ट्री में सफेद नमक को कोयले और टायरों के सहारे भट्टियों में पकाकर काला नमक तैयार कर उसे बाजार में बेचा जा रहा है। जानकारों की माने तो बिना आयोडीन वाले नमक से निर्मित ये काले नमक मानव शरीर के लिए काफी हानिकारक होते हैं। यह काला धंधा पुलिस और संबंधित विभाग की नजरों से दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों में चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नकली काले नमक को बनाने के लिए मिट्टी के घड़ों में सफेद नमक को भरकर राजस्थान से आने वाले खास केमिकल 'सज्जी' को मिलाया जाता हैं। इसके बाद घड़ों को भट्ठी में रखकर कोयल, टायर के टुकड़े, आंवला, रीठा डाले जाते हैं। फिर टायर के टुकड़ों को जलाकर नमक को 24 घंटे तक भट्ठी में पकने दिया जाता हैं। फिर उसे निकाल लिया जाता है। देश के कई राज्यों सहित विदेशों तक किया जाता है नकली काले नमक का सप्लाई मिली जानकारी के अनुसार इस कारोबार को प्रिंस, सहबाज, दाऊद, निर्मल नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा हैं। निर्मित नकली काले नमक को गुजरात, ओड़िसा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बंगाल, सहित बांग्लादेश, नेपाल एवं पाकिस्तान तक ट्रकों के माध्यम से भेजा जाता हैं। जानकार बताते हैं कि यदि सफेद नमक को कोयले और टायर में पका कर काला नमक बनाया जा रहा है, तो वह पकने के बाद कार्बन का रूप ले लेगा। इसका इस्तेमाल शरीर के लिए हानिकारक ही होगा। इससे पाचन तंत्र, आंत और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है। जो मानव शरीर के लिए जहर का ही काम करेगा। साथ ही कैंसर का कारण भी बन सकता है। जानकारों की माने तो नकली नमक बनाने की विधि बेहद ही खतरनाक है क्यूंकि इससे निकलने वाले जहरीले धुएं एक ओर वायु प्रदूषण का कारण बनते है तो दूसरी ओर इसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ता है जिससे इंसान के शरीर के अंदर गंभीर बीमारियां उतपन्न होने लगती हैं। काले नमक निर्माण वाले क्षेत्र के 5 किलोमीटर तक रह रहे लोगों को इस इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। जबकि नकली काले नमक की फैक्ट्री जिस स्थान पर संचालित हो रही है उस स्थान के 1 किलोमीटर के दायरे में कई स्कूल व गांव बसें हैं। इस संबंध में बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं, अगर जानकारी होती हैं तो संबंधित कारोबार से जुड़े कागजात व लाइसेंस की जांच किया जायेगा। अगर इस पर प्रतिबन्ध होगी तो कड़ी करवाई की जायेगी।

## 100 टन अवैध कोयला किया जब्त



**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल एरिया - 9 के राजापुर परियोजना के हाइवा ट्रांसपोटिंग मार्ग पर सीआईएसएफ ने कई स्थल पर छापेमारी कर करीब 100 टन अवैध कोयला को जब्त किया । सीआईएसएफ क्राइम विभाग की सूचना पर एरिया 9 के सीआईएसएफ ने सहना पहाड़ी, पियोर भगतडीह, दोबारा बस्ती, बीजीआर के समीप मोड़ से कोयला जब्त किया है, जिसे हाइवा वाहन में लोड कर बीसीसीएल को सुपुर्द कर दिया सीआईएसएफ के मुताबिक हाइवा से कोयला को उतार कर जगह - जगह जमा किया जाता है और तस्करी के लिए ले जाया जाता है। सूत्रों के मुताबिक बस्तकोला बंगाली कोठी के समीप और अन्य जगह पर अवैध कोयला जमा किया जाता है फिर रात के अंधेरे में 407 मालवाहक वाहन और पिकअप वैन से तस्करी किया जाता है जिसे बरवाअड्डा और गोबिंदपुर के भट्ठा में खपाया जाता है।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.in


## जेएसएससी परीक्षा में अनियमितता को लेकर भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने धनबाद महानगर अध्यक्ष अमलेश सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने बताया कि धनबाद के पुटकी में, जेएसएससी की परीक्षा में अनियमितता,ओएमआर शीट में गड़बड़ी पर छात्रों ने परीक्षा का बहिष्कार किया है। हेमंत सरकार सभी मोर्चे में विफल है। भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा जेएसएससी के ओएमआर शीट में कमी का छात्रों द्वारा विरोध जायज है। भाजपा छात्रों के समर्थन में खड़ी है।अधिकारियों की मनमानी का विरोध हर स्तर पर किया जायेगा।भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा सरकार से मांग करता हूं की परीक्षा को रद्द किया जाए, छात्रों का विरोध दर्ज करने पर डीएसई द्वारा जीवन खराब कर देने की धमकी का विरोध करता हूं।मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री तमाल राय ने किया।

## जयंती पर याद किये गये सरदार वल्लभ भाई पटेल



बोकारो(**आजाद सिपाही**) ।लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गरगा पुल स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत तमाम अधिकारियों ने माल्यार्पण कर सरदार पटेल को नमन किया। मौके पर डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने विभिन्न रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई। भारत की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमें उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि सरदार पटेल ने हमें राष्ट्र की एकता बनाए रखने की सीख दी है। उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को इन महापुरुषों के विचारों से सीख लेनी चाहिए और समाजसेवा के लिए आगे रहना चाहिए। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक* ने कहा कि राष्ट्र की एकता में सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशेष भूमिका रही है। उन्होंने आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। हमें भी राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित रहना चाहिए।

# कांग्रेसियों ने मनायी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद/झरिया।** मंगलवार को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देशानुसार धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस मुख्यालय में रक्तदान शिविर लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज एव जिलाध्यक्ष कुमार गौरव ने स्वयं रक्तदान करते हुए युवाओं को साधुवाद दिया और आगे भी ऐसे सामाजिक आयोजनों जिनसे परोक्ष रूप से देश का भला होता रहे पर जोर दिया। रक्तदान शिविर से पूर्व एकत्रित युवाओं को अपने संक्षिप्त सम्बोधन में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ने बताया की कैसे आजादी से लेकर अभी तक कांग्रेस का इतिहास गौरवशाली रहा है जिसमें हमारे लोकप्रिय नेता इंदिरा गांधी की शहादत भुला नहीं जा सकता है। हम सब कांग्रेस कार्यकर्ता आज रक्तदान करके अपने प्रिय नेता को नमन ही नहीं कर रहे वरन सभी युवा साथियों का खून सीमा पर देश की रक्षा कर रहे घायल जवानों के लिए भेजा जायेगा, रक्तदान शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।रक्तदान करने वाले युवाओं में युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, जिला युवा अध्यक्ष कुमार गौरव, प्रदेश महासचिव राजीव रंजन कुमार, सनी सिंह, अनुज चौहान,तबरेज खान, विक्की कुमार, सोनू कुमार यादव, अरूण दास, मजहर आलम, खुर्शीद अंसारी, रवि सिंह, विशाल महतो, राहुल चौहान, टिंकू अंसारी, कैलाश दास, दीपक यादव, शंकर कुमार महतो, जाबिर अंसारी, योगेंद्र महतो, शरफराज अंसारी, विकास कुशवाहा, विशाल शर्मा, शाहनवाज कमर, किशन, शुभाशीष, सौरभ कुमार सिंह, शाहबाज सिंह, मधेश्वरी राणा, अंकित ठाकुर, पीयूष गुप्ता, वीरेंद्र सोरेन, रवि चौहान, प्रदीप चक्रबर्ती, अभिषेक कुमार, अनुपम किशोर सिंह, इम्तियाज खान, रोमिट हाड़ी, सौरव सिंह आदि साथी मौजूद थे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी, जोगेंद्र सिंह योगी, मंटु दास, शाहिदा कमर, क्यूम खान, कामता प्रसाद इत्यादि उपस्थित थें। मौके पे सतीश रजक, प्रकाश शर्मा, अशोक मालाकार, गणेश बहादुर सिंह, रामजी सिंह, राजा गुप्ता, किशोर कुमार, भोला सिंह, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, अनुप पांडे, अनिल सिंह, चंडी बैनर्जी,अरविन्द कुमार सैनी,मणिभूषण तिवारी, फैज अहमद रिजवी, आफताब आलम,गणेश रजक, निशार अहमद, राकेश पासवान, मीर फिरोज आलम, अजित कुमार, कुंदन मोदक, शंकर हाड़ी, बबिता शर्मा, गीता सिंह, सुमन देवी, माधुरी देवी, सुनीता पासवान मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे।




### झरिया में कांग्रेसियों ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन

झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व मे देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष पूर्व गृहमंत्री स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पे माल्यार्पण कर समस्त कांग्रेसिओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नम आंखों से उन्हे याद किया। नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव ने कहा इंदिरा गांधी ने अपने बुद्धिमता एवं दक्षता से भारत को एक सुदृढ़ राष्ट्र बनाया इस अमूल्य योगदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश बहादुर सिंह ने कहा कि देश को इंदिरा गांधी जैसा एक सशक्त महिला प्रधानमंत्री मिला।


**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

**-: अति आवश्यक सूचना :-**

झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में, स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम – 2021 एवं नियमावली – 2022 के अनुपालन में, हजारीबाग जिला अंतर्गत, निजी क्षेत्र के सभी नियोजकों द्वारा रोजगार पोर्टल पर, निबंधित स्थानीय उम्मीदवार, अथवा अन्य निबंधित स्थानीय उम्मीदवारों, जिनका स्थानीय प्रमाण–पत्र रोजगार पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। वे स्थानीय प्रमाण–पत्र रोजगार पोर्टल (www.jharniyojan.jharkhand.gov.in) पर अनिवार्य रूप से अपलोड (Upload) करना सुनिश्चित करें।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय
हजारीबाग

PR310263 (Labour Employment and Traning)23-24*D



**कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग**

**आम सूचना**

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.11.2023 से नगर निगम हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न होटलो/रेस्टूरेन्टो/बैंक्वेट हॉल, लॉज, मॉल, अपार्टमेंट एवं अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नियमित रूप से कचरा उठाव का कार्य किया जाएगा जिसके लिए निगम द्वारा User Charges लिया जाएगा।

| क्र.सं. | उपभोक्ता की श्रेणी | सेवा शुल्क प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | अपार्टमेंट | विभागीय अधिसूचना 1470 के अनुसार |
| 2 | होटल/गेस्ट हाउस | |
| | 10 रूम तक | 1000 |
| | 11–20 रूम तक | 1500 |
| | 21–30 रूम तक | 2000 |
| | 30–50 रूम तक | 5000 |
| | 50 से उपर रूम | 10000 |
| 3 | धर्मशाला | 800 |
| 4 | रेस्तरां के लिए | 1500 |
| 5 | बेकरी फुड कोर्ट एवं बेकरी के आउटलेटस | 1000 |
| 6 | स्वीट शॉप | 1000 |
| 7 | फास्टफूड | 500 |
| 8 | ठेला/खोमचा इत्यादि | 200 |
| 9 | पान तथा चाय दुकान | 100 |
| 10 | शॉपिंग काम्पलेक्स AC | 10000 |
| | शॉपिंग काम्पलेक्स Non–AC | 5000 |
| 11 | सिनेमा हॉल | 5000 |
| 12 | दुकान | |
| | होलसेल दुकान | 1500 |
| | मुख्य बाजार का दुकान | 1000 |
| | मोहल्ला का दुकान | 250 |
| | अन्य दुकान | 150 |
| 13 | गोदाम, कोल्ड स्टोरेज (केवल गैर खतरनाक अपशिष्टों के लिए) | 1500 |
| 14 | सब्जी एवं फल दुकान | 200 |
| 15 | शादी विवाह स्थल/उत्सव घर | |
| | 3000 वर्ग मीटर तक | 2500 |
| | 3000 वर्ग मीटर से अधिक | 5000 |
| 16 | ढाबा के लिए | 350 |
| 17 | अन्य जो उपर वर्णित नहीं है | नगर निकाय के आकलन के अनुसार |

प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग

PR 310267 Urban Development and Housing(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।**

**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं०–12/2023-24 (द्वितीय आमंत्रण) पी०आर०नं० Pr. No. 310020 Drinking Water and Sanitation(22-23)-D प्रकाशित की गई थी जिसे तिथि में निम्नवत् संशोधन किया जाता है :–

| क्र० | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.10.23 up to 05.00 P.M. | 16.11.2023 up to 05.00 P.M. |
| 2. | बीड प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 08.11.2023 up to 03.30 P.M. | 25.11.2023 up to 03.30 P.M. |
| 3. | बैंक गारण्टी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान, | 09.11.2023, 10:00 A.M. से 3:00 P.M. तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | 28.11.2023 10:00 A.M. से 3:00 P.M. तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 10.11.2023 up to 4.00 P.M. | 29.11.2023 up to 4.00 P.M. |

नोटः–अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गोन्दा,राँची।

PR 310299 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, गुमला**

(Email id-ls.gumla@gmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति**

ई–श्रम पोर्टल में निबंधित वैसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना मृत्यु 31.03.2022 को अथवा इसके पूर्व एवं 26.08.2021 के बाद हुई हो, के संबंध में अनुदान राशि के भुगतान हेतु ई–श्रम पोर्टल के अंतर्गत एक ऑनलाईन मॉडयुल तैयार किया गया है, जिस पर अर्हता प्राप्त आवेदन को अपलोड किया जा सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया अर्थात जिला स्तर पर ई–श्रम के तहत अनुदान राशि के भुगतान का अनुश्रवण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है। जिसके अध्यक्ष उपायुक्त गुमला है एवं पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन अपर समाहर्त्ता एंव श्रम अधीक्षक, समिति के अन्य सदस्य हैं। सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु एवं पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2,00,000/– (दो लाख) रू0 एवं आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1,00,000/– (एक लाख) रू0 का भुगतान किया जाएगा।

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :–

1. आवेदक का आधार कार्ड
2. मृतक का ई–श्रम कार्ड
3. मृत्यु प्रमाण–पत्र/विकलांगता प्रमाण–पत्र
4. मृत्यु का चिकित्सा प्रमाण–पत्र
5- FIR रिपोर्ट
6. पोस्टमार्टम रिपोर्ट
7. जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में)

अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।

अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक कार्यालय, गुमला अथवा मोबाईल नं0– 7209326207 में सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक
गुमला

PR 310272 Labour Employment and Traning (23-24)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
12

## न्यूज रील्स

### मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का समापन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य-पथ (विजय चौक) पर मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने देशभर से लायी गयी मिट्टी को भारत कलश में डालकर वीरों और वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले पीएम ने इस यात्रा की एक डिजिटल प्रदर्शनी देखी। देशभर के गांवों से साढ़े आठ हजार अमृत कलशों में मिट्टी भरकर दिल्ली लायी गयी है।

### सपा नेता आजम खां को बड़ा झटका

लखनऊ। जेल में बंद सपा के दिग्गज नेता आजम खां को योगी सरकार की तरफ से एक और बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में रामपुर में मौलाना मो. जौहर ट्रस्ट को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा लीज पर दी गयी मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन व भूमि वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है।

# एमसीएल में एकता दौड़ आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के अधिकारी-कर्मचारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित एकता दौड़ में भाग लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित इस दौड़ को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की शुरुआत के प्रतीक के रूप में आयोजित किया गया। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने केशव राव, निदेशक, पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, जेके बोरा, निदेशक, एके बेहुरा, निदेशक और एके बापट, निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति में एकता दौड़ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सीएमडी ने सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखायी।

सतर्कता जागरूकता पर यह अभियान, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान परिधीय गांवों और कस्बों में जारी रहेगा, जो कंपनी में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाया जा रहा है। कंपनी के परियोजना क्षेत्रों में भी कर्मचारियों ने अखंडता, सत्यनिष्ठा और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की शपथ ली और एकता दौड़ में भाग लिया।

ओड़िशा के अंगुल, संबलपुर, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिलों में स्थित सभी एमसीएल कार्यालयों द्वारा कर्मचारियों, छात्रों और परिधीय क्षेत्रों के लोगों के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 अंतर्गत भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय पर विविध प्रतियोगिता और कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

## संबलपुर मंडल में राष्ट्रीय एकता दिवस




संबलपुर (आजाद सिपाही)। संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने 31 अक्टूबर को रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर संबलपुर मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी और सभी रेलकर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए खुद को समर्पित करने और सभी भारतीयों के बीच संदेश फैलाने के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह की नेतृत्व में रेलवे स्टेडियम से रेल नगर गेट तक 'रन फॉर यूनिटी' का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में संबलपुर मंडल के सभी अधिकारियों और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

## खोरधारोड मंडल का सतर्कता जागरूकता सप्ताह




खोरधारोड मंडल (आजाद सिपाही)। खोरधारोड मंडल सोमवार से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के पालन के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड एचएस बाजवा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलायी। सभी ने ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से सभी कार्यों को अंजाम देकर भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# पूर्व तट रेलवे कर्मियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर शपथ ली



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के अपर महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव ने आज सुबह पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में पूर्व तट रेलवे के कर्मचारियों और अधिकारियों को देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलायी। सोमवार से शुरू हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 5 नवंबर तक चलेगा। इस अवधि के दौरान, सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता लाने के लिए सामान्य रूप से लोगों और विशेष रूप से रेल उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करने के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। सेमिनार आयोजित किये जा रहे हैं। रेलवे कर्मचारियों के साथ-साथ रेल उपयोगकर्ताओं के बीच सतर्कता जागरूकता पैदा करने के लिए बैनर, पोस्टर प्रदर्शित किए जा रहे हैं और नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित किए जा रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व तट रेलवे के सभी प्रमुख विभाग प्रमुखों के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य सतर्कता अधिकारी और वरिष्ठ उप सचिव संजय महापात्र ने शपथ ग्रहण समारोह का समन्वय किया।




# राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' में तालचेर थर्मल एकजुट



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने मंगलवार को उत्साहपूर्ण रन फॉर यूनिटी के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस कार्यक्रम ने कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों और समर्पित सीआइएसएफ कर्मियों को एकता और एकजुटता की भावना का सम्मान करने के लिए एकजुट किया जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करता है।

इस विशेष अवसर पर, प्रख्यात राजनेता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को चिह्नित करते हुए सभी ने दूरदर्शी नेता को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने भारत के एकीकरण, इसे एक दृढ़ और एकीकृत राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। दिन की शुरुआत प्रतिभागियों ने 'एकता दौड़' के साथ की, जिसके बाद एक गंभीर 'एकता प्रतिज्ञा' ली गयी, जिसका संचालन गौतम देब, कार्यकारी निदेशक और आरके सिंह, जीएम, तालचेर थर्मल ने किया। इस कार्यक्रम ने एकजुटता, समावेशिता, एकता के मूल्यों की याद दिलायी और एक राष्ट्र के रूप में एक साथ खड़े होने के महत्व पर प्रकाश डाला।

## पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, दिलायी शपथ



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने पूर्व तट रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए खुद को समर्पित करने और राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल के दृष्टिकोण और कार्यों पर कार्य करने की शपथ दिलायी। इससे पहले श्री शर्मा ने रन फॉर यूनिटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी, आरपीएफ और अधिकारी शामिल हुए। अतिरिक्त महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव और पूर्व तट रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों ने एकता दिवस में भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ काटी ने किया।







## खोरधारोड मंडल का राष्ट्रीय एकता दिवस




खोरधारोड (आजाद सिपाही)। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाते हुए खोरधारोड मंडल द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का पालन किया गया। भारत की एकता में उनका योगदान अविश्वसनीय है और राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने और सुदृढ़ करने का यह एक सुअवसर है। इस अवसर पर खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक, एचएस बाजवा ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से खोरधारोड रेलवे स्टेशन तक आयोजित एकता दौड़ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल और स्काउट-गाइड के बच्चों ने भाग लिया। एचएस बाजवा ने खोरधारोड रेलवे स्टेशन पर सभी को एकता दिवस की शपथ दिलायी। सभी ने देश में एकता बनाये रखने के लिए खुद को समर्पित करने का संकल्प लिया। खोरधारोड के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी आरएनए परिड़ा द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया गया।







# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों और मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चुना गया विषय भ्रष्टाचार का विरोध करे, राष्ट्रीय की प्रति समरप्रीत रहे है। कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया और केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाया जायेगा। इस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों के लिए समूह चर्चा, स्कूली बच्चों के लिए भाषण और निवारक सतर्कता कार्यशाला जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। सतर्कता जागरूकता पर प्रचार करने के लिए, प्रमुख स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किये गये। सतर्कता जागरूकता सप्ताह में कर्मचारियों की भागीदारी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने और एक सतर्क राष्ट्र के निर्माण की दिशा में जागरूकता फैलायेगी।

## 03 बटालियन एनडीआरएफ मुंडली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। 03 बटालियन एनडीआरएफ मुंडली में सोमवार से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2023 का थीम ₹भ्रष्टाचार को ना कहें: राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें है। एनडीआरएफ के परेड ग्राउंड में श्री जैकब किस्पोट्टा, सीनियर कमांडेंट की उपस्थिति में एक शपथ समारोह आयोजित किया गया, जहां सभी एनडीआरएफ कर्मियो ने जीवन के सभी क्षेत्रों से भ्रष्टाचार को खत्म करने की शपथ ली । इस अवसर पर श्री जैकब किस्पोट्टा ने सुशासन के लाभों पर प्रकाश डाला और बताया कि भ्रष्टाचार के उन्मूलन से हमारे देश में बेहतर जीवन, प्रभावी निर्णय लेने और सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण होगा।







| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |











आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**